

रोहतक

रविवार 26 जुलाई 2026

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 172

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा

अधि. 35.5°C

न्यून. 24.7°C

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


कारगिल विजय दिवस आज



# धर्मेंद्र की प्रधानी गई, सीजेपी का आंदोलन खत्म



**तीन दौर की वार्ता के बाद बनी बात**

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने सीजेपी प्रवक्ता सौरभ दास और आशुतोष रांका से बात की

•

प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आंदोलन वापस लेने का ऐलान किया, प्रदर्शनकारियों से घर लौटने की अपील की

•

एक सप्ताह बाद फिर बैठक होगी, शिक्षा व्यवस्था और परीक्षाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा होगी



## दीपके बोले- झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए



**इन मुद्दों पर बनी सहमति**

**पहला :** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिया इस्तीफा | **दूसरा :** प्रदर्शनकारियों पर दर्ज केस वापस लिए जाएंगे | **तीसरा :** नीट पीड़ितों को एक करोड़ का मुआवजा मिलेगा

**प्रधान के मंत्रालय का चार्ज प्रह्लाद जोशी को बोले, उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही नीट पेपर लीक केस में जंतर-मंतर पर पिछले 36 दिन से धरना दे रही कॉकरोच जनता पार्टी ने अपना प्रदर्शन भी वापस ले लिया। वहीं, सरकार ने शनिवार शाम करीब 8.15 बजे प्रधान के मंत्रालय का चार्ज प्रह्लाद जोशी को दे दिया। जोशी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ऊर्जा और उपभोक्ता मामलों के मंत्री हैं। प्रधान के इस्तीफे के बाद जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने कहा- वे कहते थे कि इस सरकार में इस्तीफे नहीं होते, लेकिन झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जितेंद्र सिंह के साथ प्रवक्ता सौरभ दास, आशुतोष रांका ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शन वापस लेने का ऐलान किया। सौरभ दास ने कहा कि जंतर-मंतर पर मौजूद सभी प्रदर्शनकारी अब अपने घर लौट जाएं। रांका ने कहा कि सरकार ने हमारी तीनों मांगें मान ली गई हैं।



### नड्डा ने कहा- परीक्षा सुधार के लिए चिंतन करेंगे, प्रदर्शनकारी लौट जाएं

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, मित्रों, आज सौरव के साथ हमारी तीसरी बैठक हुई। आज भी लंबी बातचीत हुई। उन्होंने चार पॉइंट दिए और उनकी मांगों पर चर्चा हुई। सबसे पहली मांग थी कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है। वहीं, पांच बिंदुओं के प्रस्ताव पर हमारा कहना है कि परीक्षा सुधार के लिए चिंतन करेंगे और फिर इन्हें इसकी जानकारी देंगे। नड्डा ने कहा, सरकार ने मांगों को मान लिया है। मेरा निवेदन है कि प्रदर्शनकारी अपना आंदोलन खत्म करें।

### सौरव दास ने कहा- सरकार के साथ एक ड्राफ्ट भी साझा किया

सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा, हमने सरकार के साथ एक ड्राफ्ट भी साझा किया है। इसे लिखित में मंगलवार तक देने का आश्वासन मिला है। एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग पर भी सहमति बनी है। यह राशि पीड़ित परिवारों को दी जाएगी। हमने सरकार के सामने पांच बिंदुओं का प्रस्ताव रखा है। शिक्षा सुधार पर चर्चा के लिए चार हफ्ते बाद फिर बैठक होगी। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा- पिछले कुछ दिनों में सरकार से तीन बार बातचीत हुई। प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर हटाने की थी, जिसे भी सरकार ने मान लिया है।

### 12 साल में पहली बार विरोध के बाद इस्तीफा

2014 में पहली बार मोदी सरकार बनने के बाद 12 साल के कार्यकाल में धर्मेंद्र प्रधान पहले मंत्री हैं, जिन्हें विरोध के चलते इस्तीफा देना पड़ा है। हालांकि, इससे पहले 2018 में विदेश राज्य मंत्री एमजे अकबर ने इस्तीफा दिया था, लेकिन तब दुनियाभर में 'मी टू' आंदोलन चल रहा था और अकबर पर पत्रकारिता के दिनों में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे।

### वांगचुक ने जताई खुशी

एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं सरकार और धर्मेंद्र प्रधान के उठाए गए कदमों का स्वागत और सम्मान करता हूं, और सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। यह आज हमने जो डेमोक्रेसी की जीत देखी है। मैं हमारी सीजेपी टीम को बधाई देता हूं और धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने सबसे पहले यह मुद्दा उठाया, साथ ही उन वॉलंटियर्स को भी जिन्होंने उनका साथ दिया, देश भर के स्टूडेंट्स, युवाओं और बुजुर्गों को भी जो डेमोक्रेसी के लिए खड़े हुए। मैं उन सभी का सम्मान करता हूं, और सबसे जरूरी बात, जिस तरह से उन्होंने शांति बनाए रखी, उसका मैं सम्मान करता हूं।



### पिछले 5 दिन में क्या-क्या हुआ

- ⏭20 जुलाई : सीजेपी का संसद मार्च, प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज
- ⏭21 जुलाई : अभिजीत दीपके बोले- बात करना है तो सरकार खुद जंतर-मंतर आए
- ⏭22 जुलाई : सोनम वांगचुक बोले- भरोसा मिला तो अनशन तोड़ूंगा
- ⏭23 जुलाई : सीजेपी बोली- सरकार बात करने जंतर-मंतर आए
- ⏭24 जुलाई : सरकार-सीजेपी में बातचीत, वांगचुक का अनशन खत्म

### कॉकरोच एक बार घुसता है तो निकलता नहीं : दीपके

जंतर-मंतर पर अभिजीत दीपके ने कहा- मंत्री का इस्तीफा हो गया है, हमारी सभी मांगें भी मान ली गई हैं। कॉकरोच एक बार घुसता है, तो निकलता नहीं। जिन बच्चों ने सुसाइड किया, उनके परिवार को एक करोड़ मुआवजा मिले। पुलिसवालों पर एक्शन हो। सीजेपी ने सोशल मीडिया पर कहा- कॉकरोच की जीत हुई।

### राहुल बोले-अब पीएम को माफी मांगनी होगी



सीजेपी की ओर से आंदोलन समाप्ति के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी ने कहा कि जो भारतीय शिक्षा व्यवस्था कभी दुनिया में सबसे बेहतरीन मानी जाती थी, उस पर पिछले कुछ वर्षों में लगातार हमले किए गए हैं, उस पर कब्जा कर लिया गया है और उसका निजीकरण कर दिया गया है। उन्होंने मांग की कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ के लिए मुख्य सूत्रधार के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के छात्रों से माफी मांगनी चाहिए।

### नई पीढ़ी को आदेश न दें, बातचीत करें : भागवत



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दिल्ली में कहा, 'आज की नई पीढ़ी बहुत सारे सवाल पूछती है। हमें आदेश देने की बजाय उनसे बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें हर बात के पीछे का तर्क समझाना चाहिए, न कि आदेश देना चाहिए। संवाद के जरिए ही उन्हें सही दिशा दिखाई जा सकती है। हम मनमानी करेंगे, शक्ति से सबके मालिक बनेंगे, ऐसा नहीं हो सकता। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब देश में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर छात्र जंतर-मंतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### बाल पुरस्कार के लिए 31 तक होंगे आवेदन



**लखनऊ।** सिखों के अंतिम और दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों के बलिदान दिवस पर मेधावियों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया जाएगा। 26 दिसंबर को राष्ट्रपति बाल मेधावियों को पुरस्कृत करेंगी। 31 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। 5-18 आयु वर्ग के मेधावी आवेदन करें। एजेंसी

### सोनिया वोटर लिस्ट विवाद 13 को आएगा फैसला



**नई दिल्ली।** मतदाता सूची मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग वाली याचिका पर राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश कोर्ट ने फैसला टाल दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि मामले में आदेश 13 अगस्त को सुनाया जाएगा। अदालत ने सोनिया व शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी को एक अगस्त तक अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने का समय भी दिया है। एजेंसी

### रेड्डी कतर में भारत के नए राजदूत नियुक्त



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक के. श्रीकर रेड्डी को कतर में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की। भारतीय विदेश सेवा के 2001 बैच के अधिकारी रेड्डी फिलहाल अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्यदूत के रूप में कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह जल्द ही दोहा में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। एजेंसी

**महत्वपूर्ण जिम्मेदारी**

### हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के चेयरमैन बने बड़ौली

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा ब्यूरो ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (एचबीपीआई) के चेयरमैन पद पर नई नियुक्ति करते हुए मोहन लाल बड़ौली को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। वित्त विभाग द्वारा 24 जुलाई 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।



यह नियुक्ति 18 अप्रैल 2024 को जारी पूर्व आदेशों का स्थान लेते हुए प्रभावी होगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि चेयरमैन के पद से संबंधित सेवा शर्तें एवं अन्य नियम अलग से जारी किए जाएंगे। इस नियुक्ति को राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के संचालन और नीति निर्धारण के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही विभाग ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं।

## भारी बारिश से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात



**गुजरात में 5 की मौत, 40,500 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया**

•

**असम में बाढ़ से 24 घंटे में 14 मौतें मध्यप्रदेश- यूपी, राजस्थान में बारिश का अलर्ट अमरनाथ यात्रा फिर शुरू**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में लगातार हो रही भारी बारिश से कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक बाढ़ प्रभावित इलाकों से 40,500 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। बारिश से जुड़े हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई है। अहमदाबाद में आज सभी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। असम में बाढ़ से पिछले 24 घंटे में 14 लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। राज्य के 12 जिलों में बाढ़ से 7.05 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। मध्य प्रदेश में मानसूनी बारिश का स्ट्रॉंग सिस्टम एक्टिव है, जिसके चलते प्रदेश के 35 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 15 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसे देखते हुए शनिवार को राज्य के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इधर, राजस्थान में भी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। *(संबंधित खबर पेज-5 पर)*

**साथी से भी मांगे एक करोड़**

### फीड कारोबारी को धमकी देकर मांगी पांच करोड़ रुपये की चौथ

**दो गैंगस्टरों के खिलाफ केस दर्ज**

■

**पैसे नहीं देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी**

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** सफीदों में पूर्व में शराब कारोबारी तथा हाल फीड कारोबारी को धमकी देकर पांच करोड़ रुपये तथा उसके साथी से एक करोड़ की चौथ मांगने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने कारोबारी की शिकायत पर दो गैंगस्टरो के खिलाफ चौथ मांगने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूर्व में शराब कारोबारी रहे संजय शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका हैचरियों को फीड की स्पलाई का कारोबार है। गत 27 जून को उसके पास अनजान विदेशी नंबर से कॉल आई। कॉल करने वालों ने उस से पांच करोड़ की चौथ मांगी। चौथ राशि न देने पर उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

**एच-1बी वीजा शुल्क पर ट्रंप को कोर्ट से झटका**

### एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क रद्द करने का आदेश रखा बरकरार

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की एक संघीय अपील अदालत ने ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका दिया है। अमेरिका के बोस्टन स्थित प्रथम सर्किट अपीलीय अदालत की तीन जजों की पीठ ने अमेरिकी जिला जज लियो टी. सोरोकिन के 8 जून के फैसले पर रोक लगाने की ट्रंप प्रशासन की मांग खारिज कर दी। निचली अदालत ने इस शुल्क को कांग्रेस (संसद) की मंजूरी के बिना लगाया गया गैरकानूनी कर बताया था। निचली अदालत ने एच-1बी वीजा पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क रद्द करने का आदेश दिया था। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम इस अदालत में अपील लंबित रहने तक जिला अदालत के 8 जून के आदेश और उससे जुड़े फैसले पर रोक लगाने की प्रतिवादियों की मांग खारिज करते हैं।




## हूती विद्रोहियों का सऊदी अरब की रिफाइनरी पर बड़ा हमला

### यह देश की 5वीं सबसे बड़ी ऑयल फैसिलिटी



**तीन बैलिस्टिक मिसाइलों से अरामको को निशाना बनाया**

**प्रतिदिन 4 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रोसेस करती**

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने शनिवार को सऊदी अरब के जजान स्थित सऊदी अरामको रिफाइनरी पर 3 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। जजान रिफाइनरी को सऊदी अरब की पांचवीं सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी माना जाता है। इसकी क्षमता प्रतिदिन करीब 4 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस करने की है। यह लाल सागर के किनारे स्थित होने के कारण सऊदी अरब के ऊर्जा और तेल निर्यात नेटवर्क का अहम हिस्सा है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सऊदी अरब ने हाल ही में यमन में हूती ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके जवाब में हूतियों ने सऊदी के एनर्जी एन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाने का दावा किया है। हमले के बाद सोशल मीडिया पर रिफाइनरी से आग और धुएं के वीडियो सामने आए हैं। हालांकि, अभी तक सऊदी सरकार या अरामको ने रिफाइनरी पर सीधे मिसाइल लगने या किसी बड़े नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

## यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हुआ 'सारनाथ'

### पीएम मोदी व सीएम योगी ने जताया गर्व

एजेंसी ⏭ वाराणसी

यूपी के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व वाले सारनाथ के प्राचीन बौद्ध स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कर लिया गया है। इस उपलब्धि पर पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और उपराष्ट्रपति ने इसे पूरे देश के लिए गर्व का क्षण बताया है। यूनेस्को ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए घोषणा की कि भारत के प्राचीन बौद्ध स्थल सारनाथ को आधिकारिक रूप से विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सारनाथ का यूनेस्को



की विश्व धरोहर सूची में शामिल होना प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने यूनेस्को की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थित सारनाथ का भगवान बुद्ध से गहरा संबंध रहा है और उनके ज्ञान, करुणा और सद्भाव का कालजयी संदेश आज भी पूरी दुनिया को प्रेरित करता है।

**पहल** सर्वखाप प्रधान बोले- नियम तोड़ने पर सामाजिक कार्रवाई की जाएगी

## हरियाणा में खाप पंचायतों से दूर होगा 'हुक्का'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा में खाप पंचायतों से अब हुक्का दूर किया जाएगा। सर्वखाप पंचायतों में खाप प्रतिनिधि भी हुक्का दूर करने का प्रयास करेंगे। रोहतक के महम चौबीसी चबूतरे पर शनिवार को उत्तर भारत की खाप पंचायत हुई। इस महापंचायत में कई खापों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पंचायत में 'नशा दूर करने' और 'अश्लील कंटेंट खत्म करने' का आह्वान किया गया। चौबीसी खाप प्रधान सुभाष नम्बरदार ने कहा- हरियाणवी कलाकारों ने भी अश्लील कंटेंट खत्म करने की अपील की है। इन नियमों को न मानने वालों पर सामाजिक रूप से भी कार्रवाई की जाएगी। इस पंचायत की शुरुआत 8 साल की बच्ची अवनि ने की। कहा- समाज से इस गंद कल्चर को हटाना ही होगा। पंचायत में वीर साहू, देव सिंह देवा, रमकेश जीवनपुरिया समेत कई कलाकार पहुंचे। पंचायत में उठाए मुद्दों पर कलाकारों ने भी समर्थन किया। बता दें कि सपना चौधरी को धर्मेंद्र हुड्डा ने सोशल मीडिया पर गालियां दी थीं। सपना चौधरी, प्रिया रेवाड़ी को अश्लील कंटेंट फैलाने वालों की मुखिया कहा था।



**महम चौबीसी चबूतरे पर उत्तर भारत की खाप पंचायत**

**'अश्लील कंटेंट खत्म करने' का आह्वान**

### पंचायत में ये निर्णय भी हुए

**ऐतिहासिक चबूतरे पर पंचायत**

पंचायत की अध्यक्षता महम चौबीसी खाप के प्रधान सुभाष नम्बरदार ने की। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र हुड्डा की मुहिम के बाद महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे पर उत्तर भारत की महापंचायत बुलाई गई।

**अश्लील कंटेंट पर रोक की अपील**

सुभाष नम्बरदार ने बताया कि इस पंचायत में उत्तर भारत की कई खाप पंचायतें शामिल हुईं। पंचायत में सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट पर रोक और नशा खत्म करने की अपील की गई। सभी सिंगर्स और खापों ने इसका समर्थन किया।

**समय के साथ हटाएंगे हुक्का**

सुभाष नम्बरदार ने बताया कि नशे से बहुत बच्चों की मौत हुई है। पंचायत में निर्णय लिया गया है कि नियमों को तोड़ने वालों पर सामाजिक रूप से कार्रवाई करेंगे। हरियाणा के मुख्य-मुख्य कलाकार यहां आए थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे से कोई अश्लील कंटेंट रिलीज नहीं करेंगे। समय के साथ हुक्का हटाने का भी प्रयास करेंगे।

## खबर संक्षेप

### शराब गोदाम डकैती मामले में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने सूरजकुंड क्षेत्र में शराब गोदाम पर फायरिंग कर डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराने के मामले में 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी ब्रिजेश निवासी एटा (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को 24 जुलाई को एटा से काबू किया। उसे अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 18 मार्च 2025 की अलसुबह सूरजकुंड थाना क्षेत्र में शराब ठेके के पीछे बने गोदाम पर बदमाशों ने फायरिंग कर 1.60 लाख रुपये और शराब की एक पेटी लूट ली थी। इस संबंध में अनंगपुर निवासी प्रदीप की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** बरोदा थाना की पुलिस ने गांव जागसी के अमित उर्फ मीता को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। सहायक उप निरीक्षक कृष्ण पुलिस पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। सूचना मिली की अमित के पास अवैध हथियार है और वह गांव जागसी से गगांना की तरफ रजवाहे के पास से पैदल आ रहा है। पुलिस ने उसे काबू किया और तलाशी ली। उसके पास अवैध पिस्तौल व सात कारतूस मिले। उसके विरुद्ध बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया।

### फोन हैक कर ठगी करने का आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने महिला का फोन हैक कर 5.12 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में खाता ऑपरेटर स्पर्श निवासी सेक्टर-12 करनाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 24 जुलाई को करनाल से पकड़ा गया और अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने दिल्ली से एलएलबी की पढ़ाई की है। वह टेलीग्राम के माध्यम से साइबर ठगों के संपर्क में आया था। ठगों ने उसे खाते ऑपरेट कर पैसे कमाने का लालच दिया, जिसके बाद वह उनके लिए काम करने लगा। पुलिस जांच में जुटी है।

## एसआईआर

### पहला चरण पूरा, 3 अक्टूबर को आएगी अंतिम मतदाता सूची

1.72 करोड़ फॉर्म हुए डिजिटाइज, 31 जुलाई से दावे-आपत्तियों का दौर शुरू

# 31 जुलाई को जारी होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची नाम छूटने पर 30 अगस्त तक कर सकेंगे दावा

## वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट : ए. श्रीनिवास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का पहला चरण 100 प्रतिशत पूरा हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने बताया कि 31 जुलाई को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी, जिसे निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और संबंधित कार्यालयों में प्रकाशित किया जाएगा। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है तो वह 30 अगस्त तक फॉर्म-6 भरकर दावा प्रस्तुत कर सकता है। अंतिम मतदाता सूची 3 अक्टूबर को प्रकाशित होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 20,629 बीएलओ ने 2.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंचाए, जिनमें से 1.72 करोड़ से अधिक फॉर्म डिजिटाइज किए गए। वहीं 33.84 लाख मामलों में नाम दर्ज नहीं हो सके। इनमें 13.75 लाख मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित, 7.66 लाख मृत, 2.04 लाख पहले से पंजीकृत, 9.36 लाख अनुपस्थित तथा 1.01 लाख लोगों ने अन्य कारणों से गणना प्रपत्र जमा नहीं किए।

### फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकेंगे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के नहीं हटाया जाएगा। यदि किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट सूची से बाहर रह जाता है तो वह फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकता है। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के निर्णय से असंतुष्ट मतदाता 15 दिन के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी और उसके बाद 30 दिन के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील कर सकता है।



उन्होंने बताया कि 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे और आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी, जबकि 28 सितंबर तक नोटिस जारी करने और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया चलेगी। जिन मतदाताओं के रिकॉर्ड में विसंगति मिलेगी या जिनका सत्यापन नहीं हो पाया है, उन्हें बीएलओ की ओर से नोटिस दिया जाएगा। पात्र नए मतदाता, जिनकी आयु 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, फॉर्म-6 के माध्यम से नाम दर्ज करा सकेंगे। नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 और विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म-8 की सुविधा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में उपलब्ध रहेगी।

### दलों के 37055 बूथ स्तरीय एजेंटों ने सहयोग किया

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अभियान में सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारी, बीएलओ और अन्य अधिकारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के 37055 बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए-2) भी प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं। इनमें सबसे अधिक एजेंट भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### अलाहर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनता को किया समर्पित

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा यमुनानगर के विधानसभा क्षेत्र रादौर के गांव अलाहर में 5 करोड़ 63 लाख की लागत से लगभग डेढ़ एकड़ भूमि में बनने वाले प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र का शिलान्यास कर गांव वासियों को एक अच्छी सौगात दी। इस दौरान मंत्री ने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र के बनने से लोगों को उनके घर-द्वार पर ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेगी और प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण स्तर पर लोगों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को समय पर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी बोले- मेवात हरियाणा के विकास का नया इतिहास लिखेगा

# मेवात विकास संकल्प रैली में पुन्हाना को 270 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मेवात विकास संकल्प रैली के दौरान पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के लिए 270 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जल निकासी व्यवस्था मजबूत करने के लिए लफुरी लिंक ड्रेन के खुदाई एवं पुनर्स्थापन, उजीना ड्रेन पर नए पुलों के निर्माण तथा पुन्हाना में हाइब्रिड चैनल के पुनर्निर्माण की घोषणा की। उन्होंने पिनगवां में 55 करोड़ रुपये की लागत से महाग्राम योजना के तहत जलापूर्ति और सीवर नेटवर्क बिछाने, 13.57 करोड़ रुपये से नया खेल स्टेडियम तथा 1.80 करोड़ रुपये से पुराने स्टेडियम के नवीनीकरण की घोषणा की। नगर पालिका पुन्हाना में 16.85 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीपर्पज हॉल और ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा। रैली का नेतृत्व मुख्य रूप से कांग्रेस के बागी विधायक मोहम्मद इलियास के पुत्र एडवोकेट जावेद अहमद के द्वारा किया गया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### घासेड़ा और नगीना पीएचसी को अपग्रेड किया जाएगा

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के तहत घासेड़ा और नगीना पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड किया जाएगा, जिस पर लगभग 44 करोड़ रुपये खर्च होंगे। धांधुका, साकरस, लुहिंगा कलां, शाहचौखा और चंदेनी के उप स्वास्थ्य केंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। रानिका, देवला-नंगली, चीला और गोधोला सहित कई गांवों में नए उप स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री की कई अन्य विकास कार्यों का भी रैली में ऐलान किया।

### कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं, युवाओं के नाम पर कर रही राजनीति

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को नूंह जिले के पुन्हाना में आयोजित मेवात विकास संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में जब हरियाणा के विकास की चर्चा होगी तो लोग कहेंगे कि मेवात ने इतिहास बदल दिया। उन्होंने कहा कि वर्षों तक उपेक्षा झेलने वाला मेवात अब विकास, विश्वास और नई संभावनाओं का क्षेत्र बन रहा है तथा डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में यहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, रोजगार और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है और वह युवाओं के नाम पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में पेपर लीक और पर्ची-खर्ची का दौर चलता था, जबकि भाजपा सरकार ने पूरी पारदर्शिता से नौकरियां दी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में 50 हजार तथा पिछले साढ़े 12 वर्षों में दो लाख युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची सरकारी रोजगार दिया गया है। मेवात कैडर में 1,494 शिक्षकों की भर्ती और हालिया भर्ती में 32 स्थानीय युवाओं के चयन का भी उन्होंने उल्लेख किया।

### कांग्रेस शासनकाल में नौकरियों में खुलेआम बंदरबांट होती थी

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में नौकरियों में खुलेआम बंदरबांट होती थी और अनेक मामलों में न्यायालयों को हस्तक्षेप कर भर्ती प्रक्रियाओं पर रोक लगानी पड़ती थी। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया, जबकि आज वही पार्टी युवाओं के नाम पर राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री शनिवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## पंचकूला में भाईचारा स्नेह मिलन कार्यक्रम आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



■ पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु समाज को देंगे एकजुटता का संदेश

हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु रविवार को पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित जाट भवन में आयोजित भाईचारा स्नेह मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम शाम चार बजे आयोजित किया जाएगा। कैप्टन अभिमन्यु कार्यक्रम में सर्व समाज भाईचारे को लेकर अपने विचार रखेंगे। इसमें विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, अखंडता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी प्रदेश के कई जिलों में इस तरह के भाईचारा स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इन आयोजनों में 36 बिरादरी सहित विभिन्न समाजों के लोग शिरकत कर रहे है।

## डिजिटल स्पोर्ट्स रिकॉर्ड व्यवस्था से प्रतिभा को मिलेगा न्यायः डॉ. गुप्ता



**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि नायब सरकार द्वारा स्कूलों के खिलाड़ियों का डिजिटल स्पोर्ट्स रिकॉर्ड तैयार करने तथा प्रत्येक खिलाड़ी का ऑनलाइन सत्यापन एवं पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्णय भविष्य के लिए एक मजबूत और पारदर्शी खेल व्यवस्था की नींव रखेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लिया गया यह फैसला खेलों में ईमानदारी, निष्पक्षता और प्रतिभा के सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि डिजिटल व्यवस्था लागू होने से फर्जी प्रमाणपत्र, आयु में हेरफेर और कागजी अनियमितताओं पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि इससे पात्र खिलाड़ियों को ही अवसर मिलेगा।

## स्कूलों में होगा शतरंज का पाठ्यक्रम, 30 नवोदय विद्यालयों में पायलट परियोजना शुरू

### केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने चेस+ पहल का किया शुभारंभ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने स्कूलों में शतरंज की व्यवस्थित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चेस+ (चैंपियनिंग एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स स्किल्स) पहल की शुरुआत की।

यह कार्यक्रम पहले चरण में 30 जवाहर नवोदय विद्यालयों में पायलट परियोजना के रूप में लागू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में तर्कशक्ति, समस्या समाधान, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता और मानसिक दृढ़ता विकसित करना है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) के सहयोग से संचालित होगा। इसके तहत एआईसीएफ द्वारा तैयार पाठ्यक्रम को प्रशिक्षित कोच और शिक्षक-मेंटर पढ़ाएंगे। साथ ही नियमित शतरंज प्रतियोगिताएं और मूल्यांकन प्रणाली भी लागू की जाएगी। पायलट परियोजना के अनुभवों के आधार पर इसे आगे चलकर केंद्रीय विद्यालयों और अन्य जवाहर नवोदय विद्यालयों में भी विस्तार दिया जाएगा।

## मौसी के पास आई किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत

■ जांच में जुटी पुलिस विसरा सुरक्षित रखा

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के एक गांव में मौसी के घर आई 14 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर विसरा सुरक्षित रख लिया है, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। पुलिस के अनुसार मृतका उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की रहने वाली थी और नौवीं कक्षा में पढ़ती थी। वह करीब दस दिन पहले अपनी बड़ी बहन के साथ स्कूल की छुट्टियां बिताने के लिए राई क्षेत्र स्थित अपनी मौसी के घर आई थी। परिजनों ने बताया कि शनिवार देर रात अचानक उसके पेट में तेज दर्द शुरू हुआ। इसके बाद उसे लगातार उल्टियां होने लगीं और सांस लेने में भी दिक्कत महसूस होने लगी। हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

## कैबिनेट बैठक में पेश होगी नई ईवी नीति

■ वायु प्रदूषण को लेकर सीएम व केंद्रीय मंत्री यादव के बीच बैठक

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही नई ईवी नीति कैबिनेट बैठक में पेश करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को गुरुग्राम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण नियंत्रण और वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नई नीति से एनसीआर सहित पूरे प्रदेश में स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। बैठक में परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सीएक्यूएमएस) के विस्तार, इलेक्ट्रिक बसों और चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने, पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई, 'नो पीयूसीसी-नो फ्यूल' व्यवस्था लागू करने, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट, ठोस कचरा प्रबंधन, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई तथा धान की पराली के प्रभावी प्रबंधन की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने एनसीआर क्षेत्र, विशेषकर करनाल-दिल्ली-चंडीगढ़ मार्ग पर अधिक से अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशन विकसित करने पर जोर दिया ताकि इलेक्ट्रिकवाहनों और बसों को निर्बाध चार्जिंग सुविधा मिल सके।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 19–अम्बाला/2026–27 दिनांक 24.07.2026**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक मंडल अभियंता/पटियाला सेक्शन में लुधियाना–धूरी–जाखल खंड पर टीआरआर (पी) 68.641 कि.मी. के संबंध में टीआरआर एवं अन्य विविध कार्य। | 1,69,39,498 | 3,38,800 | 08 महीने | 17.08.2026 |
| 2 | सी एंड डब्ल्यू डिपो, चंडीगढ़ में बायो–टॉयलेट परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना। सहायक मंडल अभियंता/अम्बाला के अधीन टीपीसी कंट्रोल में संशोधन। | 76,13,731 | 1,52,300 | 06 महीने | 17.08.2026 |
| 3 | (1) एडीईएन/एसआईआर के तहत एसआईआर–एनएलडीएम सेक्शन पर किमी 101/8–9 पर स्थानांतरित स्थान पर रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे 800 मिमी आंतरिक व्यास के पहले एमएस केसिंग पाइप और 1000 मिमी आंतरिक व्यास के दूसरे एमएस केसिंग पाइप के माध्यम से 250 मिमी व्यास वाले डीआई के–9 जलापूर्ति पाइप लाइन को क्रॉस करना। (2) एडीईएन/एसआईआर के तहत एसआईआर–डीएलपीसी सेक्शन पर आरपीएआर और एमएनपीआर स्टेशनों के बीच किमी 47/7–8 पर रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे 800 मिमी आंतरिक व्यास के पहले एमएस केसिंग पाइप और 1000 मिमी आंतरिक व्यास के दूसरे एमएस केसिंग पाइप के माध्यम से 600 मिमी व्यास वाले डीआई के–9 जलापूर्ति पाइप को क्रॉस करना। 3) BTI-SGNR सेक्शन पर गिद्दड़बाहा यार्ड में Km 27/4–5 पर रेलवे ट्रैक/जमीन के नीचे से गुजरने वाले ट्रैक तक 600mm और 800mm डबल M.S. केसिंग पाइप स्क्वायर के जरिए 400mm DI वॉटर सप्लाई पाइप को क्रॉस करना/बिछाना। 4). DUI-BTI सेक्शन पर JHK और PUL स्टेशन के बीच Km 140/4–6 पर रेलवे ट्रैक/जमीन के नीचे से गुजरने वाले 600mm और 800mm डबल M.S. केसिंग पाइप स्क्वायर से 400mm DI सीवर पाइप को क्रॉस करना/बिछाना। | 1,13,64,103 | 2,27,300 | 04 महीने | 17.08.2026 |
| 4 | UMB-KLK सेक्शन पर ओल्ड रेलवे कॉलोनी अंबाला कैंट में 1 MLD क्षमता का STP (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और सीवरेज कनेक्टिविटी का प्रावधान। | 5,77,07,591 | 11,54,200 | 11 महीने | 17.08.2026 |
| 5 | अंबाला डिवीजन के तहत ADEN/RPJ और ADEN/SIR के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्वीकृत पुलों पर TBSR (H-Beam) का काम (कुल 2264 नग)। | 3,46,94,750 | 6,93,900 | 09 महीने | 17.08.2026 |
| 6 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन यार्ड में SSE/P-Way/YJUD के सेक्शन में ADEN/SRE के अधीन लाइन संख्या 2 एवं 3 (पैसेंजर लूप लाइन) पर 60 किग्रा (90 UTS) रेलों को PSC वाइडर स्लीपर 1660 संख्या/किमी (LWR) सहित बिछाकर 1.718 टीकेएम का CTR(P), लाइन संख्या 5 पर 60 किग्रा रेलों को PSC स्लीपर 1540 संख्या/किमी सहित 0.910 टीकेएम का CTR(SH), चांदपुर साइडिंग में 52 किग्रा रेलों सहित TRR(S) (LWR) तथा यार्ड सुधार कार्य जैसे मलबा निस्तारण, डीप स्क्रीनिंग, सैंड हम्प आदि का कार्य। | 99,17,654 | 1,98,400 | 12 महीने | 17.08.2026 |

**नोट** :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास– ।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **2572/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## जीएमसीएच-32 के 64 वेंटिलेटर खराब, लोकसभा में गूंजा मामला

■ सांसद मनीष तिवारी ने उठाए सवाल, केंद्र ने बताया- कोविड काल में मिले थे 99 वेंटिलेटर, केवल 35 चालू

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच-32) में वेंटिलेटरों की खराब स्थिति का मामला लोकसभा में उठाया गया है। चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने अस्पताल की क्रिटिकल केयर व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार से पूछा कि कोविड-19 महामारी के दौरान उपलब्ध कराए गए वेंटिलेटर बड़ी संख्या में खराब क्यों पड़े हैं और मरीजों को उनका लाभ क्यों नहीं मिल पा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव ने लोकसभा में दिए जवाब में बताया कि कोविड महामारी के दौरान केंद्र सरकार ने जीएमसीएच-32 को 99 वेंटिलेटर उपलब्ध कराए थे। इनमें से वर्तमान में केवल 35 वेंटिलेटर ही चालू हालत में हैं, जबकि 64 वेंटिलेटर खराब होने के कारण उपयोग में नहीं हैं। मनीष तिवारी ने वेंटिलेटरों की खराब स्थिति के साथ-साथ इनके संचालन और रखरखाव के लिए तकनीकी कर्मचारियों की उपलब्धता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या अस्पताल में पर्याप्त प्रशिक्षित वेंटिलेटर तकनीशियन मौजूद हैं, ताकि उपकरणों का नियमित रखरखाव और सही संचालन सुनिश्चित किया जा सके। सांसद ने सेक्टर-16 स्थित सरकारी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल (जीएमएसएच-16) में उपलब्ध वेंटिलेटरों, तकनीकी कर्मचारियों व अन्य सुविधाओं की भी जानकारी मांगी।

# जंतर-मंतर की जीत को भुनाने में जुटे प्रदेश के राजनीतिक दल

### प्रधान का इस्तीफा युवाओं और छात्रों के संघर्ष की जीत : हुड्डा

**चंडीगढ़ ।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा युवाओं-छात्रों के संघर्ष की जीत है। अगर प्रधान शुरुआत में ही नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दे देते तो मासूम छात्रों को ना लाठीचार्ज का सामना करने पड़ता और ना ही इतना संघर्ष करना पड़ता। सरकार को उन देश व देश के भविष्य युवाओ से माफी मांगनी चाहिए, जिनपर लाठीचार्ज व बर्बरता की थी। साथ ही परीक्षा तंत्र को इतना पारदर्शी बनाना चाहिए कि भविष्य में पेपर लीक की कोई संभावना ना रहे क्योंकि पेपर लीक की समस्या देश में महामारी का रूप ले चुकी है। युवाओं को बीजेपी सरकार की अनदेखी के चलते सड़कों पर आकर आंदोलन करना पड़ा। इसके खिलाफ कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में, छात्रों की गूंज कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाया।



### लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत : सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं, विद्यार्थियों और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। सैलजा ने कहा कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि युवाओं की आवाज़ को दबाया नहीं जा सकता। जब छात्र अपने भविष्य, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और न्याय की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करते हैं, तो अंततः सत्य की ही जीत होती है।

### आंदोलन को दबाया नहीं जा सकता

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देश के युवाओं की जीत है। जंतर मंतर पर कई दिनों से पेपर लीक के खिलाफ धरना दे रहे देश के आंदोलनरत युवाओं को इनेलो की ओर से बधाई। इन्होंने अपनी जुझारू प्रवृत्ति और अडिग इच्छाशक्ति से साबित कर दिया कि जनता के आंदोलन को दबाया नहीं जा सकता।

हरियाणा सरकार

# अंत्योदय से उदय

"भारत हमेशा अंत्योदय से प्रेरित रहा है और
हमारा प्रयास हमेशा यह सुनिश्चित करना रहा है कि विकास के लाभ
उन लोगों तक पहुंचे जो दशकों से उपेक्षित रहे हैं।"
- नरेन्द्र मोदी














# प्रदेश के 22 विधानसभा क्षेत्रों में अंत्योदय मेलों का आयोजन

मुख्य अतिथि

## श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री, हरियाणा

26 जुलाई, 2026 । प्रातः 10 बजे । लाडवा, कुरुक्षेत्र

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध

| क्र.सं. | ज़िला | विधानसभा क्षेत्र | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | अम्बाला | नारायणगढ़ | राजकीय महाविद्यालय, नारायणगढ़ |
| 2 | भिवानी | भिवानी | पंचायत भवन, भिवानी |
| 3 | चरखी दादरी | दादरी | मिनी सचिवालय, चरखी दादरी |
| 4 | फरीदाबाद | पृथला | सीएमईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहपुर बिल्लोच |
| 5 | फतेहाबाद | रतिया | बीडीपीओ कार्यालय, बुढलाडा रोड, रतिया |
| 6 | गुरुग्राम | बादशाहपुर | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बालक), बादशाहपुर |
| 7 | हिसार | आदमपुर | बीडीपीओ कार्यालय, आदमपुर |
| 8 | झज्जर | बादली | बीडीपीओ कार्यालय, बादली |
| 9 | जींद | जुलाना | शहीद मेजर लाठर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना |
| 10 | कैथल | गुहला | बीडीपीओ कार्यालय, गुहला, कैथल |
| 11 | करनाल | करनाल | पंचायत भवन, करनाल |
| 12 | कुरुक्षेत्र | लाडवा | इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा |
| 13 | महेंद्रगढ़ | नारनौल | ऑडिटोरियम हॉल, मिनी सचिवालय के पास, नारनौल |
| 14 | नूंह | फिरोजपुर झिरका | बीडीपीओ कार्यालय, फिरोजपुर झिरका |
| 15 | पलवल | होडल | राजकीय महाविद्यालय, होडल |
| 16 | पंचकूला | पंचकूला | कम्युनिटी सेंटर (सामुदायिक केंद्र), बरवाला |
| 17 | पानीपत | समालखा | एसडीएम कार्यालय, मिनी सचिवालय, समालखा |
| 18 | रेवाड़ी | बावल | नगर पालिका कार्यालय (भूतल), बावल |
| 19 | रोहतक | गढ़ी सांपला-किलोई | डीआरडीए हॉल, जिला विकास भवन, रोहतक |
| 20 | सिरसा | सिरसा | बीडीपीओ कार्यालय, सिरसा |
| 21 | सोनीपत | खरखौदा | कन्या महाविद्यालय, खरखौदा, सोनीपत |
| 22 | यमुनानगर | यमुनानगर | डीपीआरसी हॉल, पंचायत भवन, यमुनानगर |

## अंत्योदय की भावना, सेवा भी समर्पण भी

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### मोरनी के टिक्कर ताल में मिला युवक का शव

**कालका।** पंचकूला के प्रसिद्ध मोरनी क्षेत्र में स्थित टिक्कर ताल में एक युवक का शव मिला है। हरियाणा टूरिज्म के मैनेजर ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मोरनी चौकी प्रभारी एसआई जगदीश कुमार ने बताया कि टिक्कर ताल में एक अज्ञात युवक का शव मिला। युवक की आयु लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच लग रही है। पुलिस ने नाव की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और कानूनी प्रक्रिया शुरू की। घटना की जानकारी मिलने पर सीन ऑफ क्राइम टीम भी मौके पर पहुंची।

### करंट की चपेट में आने से एंबुलेंस चालक की मौत

**झज्जर।** शहर के सुभाष नगर स्थित एक मकान की दूसरी मंजिल पर किराए पर रहे एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब युवक फोन पर बात करते करते बालकनी में पहुंचकर घर के साथ से निकलती हाइटेंशन तारों की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान जींद जिले के रहने वाले करीब 32 वर्षीय विनोद के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि करंट की चपेट में आने के बाद विनोद दूसरी मंजिल से जमीन पर आ गिरा, जिस कारण उसकी मौत हो गई। युवक निजी अस्पताल में एंबुलेंस पर चालक की नौकरी करता था।

### पुलिस ने बरामद किए गुम हुए 121 मोबाइल

**फरीदाबाद।** जिले में गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद करने में अपराध शाखा की साइबर सेल ने पिछले एक महीने के दौरान बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने 121 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन सभी मोबाइल फोन की कुल अनुमानित बाजार कीमत 20 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। बरामद किए गए सभी मोबाइल उनके मालिकों को सौंप दिए गए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कारगिल विजय दिवस आज : फतेहाबाद के शहीद ग्रेनेडियर मनोहर लाल के परिवार की हुई सुनवाई

# शहादत के 27 साल बाद कारगिल शहीद की याद में बनेगा स्मारक

ढाणी डूल्ट में शहीद मनोहर लाल व कृष्ण कुमार की याद में जिला परिषद बनवाएगी स्मारक

दलबीर सिंह ▶▶ भूना

कारगिल विजय दिवस केवल जीत का पर्व नहीं, बल्कि उन वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। फतेहाबाद जिले के गांव ढाणी डूल्ट के शहीद ग्रेनेडियर मनोहर लाल मावलिया की शहादत की कहानियां आज भी जिंदा है। 27 वर्ष बीत जाने के बाद भी जब 26 जुलाई का दिन आता है तो बूढ़े माता-पिता की आंखें नम हो जाती हैं। तिरंगे में लिपटे बेटे की अंतिम विदाई का दृश्य आज भी उनके दिल-दिमाग में उसी तरह ताजा है, जैसे यह घटना कल की ही हो। अब 27 साल बाद शहीद मनोहर लाल की याद में स्मारक बनवाया जाएगा। हालांकि यह मांग शहादत के बाद ही की गई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से पूरी नहीं हो सकी।

शहीद के पिता रामेश्वर दास मावलिया और माता हरकोरी देवी बताते हैं कि मनोहर लाल बचपन से ही देश सेवा का सपना देखते थे। गांव से दसवीं तक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने मात्र 19 वर्ष की आयु में भारतीय सेना की वर्दी पहन ली। परिवार उनकी शादी की तैयारियों में जुटा था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 13 जून 1999 की शाम कारगिल के द्रास सेक्टर में ऑपरेशन विजय के दौरान दुश्मनों से लोहा लेते हुए उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनकी शहादत के केवल पांच दिन बाद बतौर लेफ्टिनेंट नियुक्ति पत्र घर पहुंचा, जिसने पूरे परिवार को गर्व और भावुकता से भर दिया। आज भी परिवार के हर सदस्य के लिए मनोहर लाल केवल एक नाम नहीं, बल्कि प्रेरणा हैं। उनके छोटे भाई राजेश कुमार मावलिया, भाभी संतरो देवी, भतीजी मनीषा, महक, वीना और हीना तथा भतीजे जयंत के लिए वह हमेशा परिवार के सबसे बड़े नायक रहेंगे। घर में जब भी उनकी तस्वीर के सामने दीपक जलाया जाता है तो हर सदस्य गर्व से कहता है कि इस घर का बेटा देश के लिए अमर हो गया।



**भूना।** शहीद ग्रेनेडियर मनोहर लाल मावलिया की वर्दी और तिरंगे के साथ पिता रामेश्वर दास मावलिया, मां हरकोरी देवी एवं परिवार के सदस्य।

### सरकारी स्कूल का नाम भी शहीद को समर्पित

परिवार का कहना है कि सरकार ने शहीद परिवार को पूरा सम्मान दिया। गैस एजेंसी दी गई और छोटे भाई राजेश कुमार को सरकारी नौकरी भी मिली। ढाणी डूल्ट के सरकारी विद्यालय का नाम शहीद मनोहर लाल राजकीय उच्च विद्यालय रखा गया तथा उनके नाम से पुस्तकालय भी बनाया गया। हालांकि परिवार की वर्षों पुरानी इच्छा है कि फतेहाबाद जिला मुख्यालय पर शहीद मनोहर लाल के नाम से एक भव्य स्मारक, पार्क या शिक्षण संस्थान बनाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान से प्रेरणा ले सकें। कारगिल विजय दिवस पर शहीद मनोहर लाल मावलिया की गाथा यह संदेश देती है कि देश के लिए दिया गया बलिदान कभी भुलाया नहीं जाता।

### आज से शुरू होगा स्मारक का निर्माण

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर ढाणी डूल्ट गांव के लिए एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। जिला परिषद सदस्य रामनिवास ने बताया कि गांव के वीर सपूत शहीद मनोहर लाल मावलिया और शहीद कृष्ण कुमार सेवदा ने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनके सम्मान और स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से जिला परिषद फतेहाबाद की ओर से स्मारक निर्माण के लिए ग्रांट स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों शहीदों के स्मारक का निर्माण कार्य रविवार से विधिवत शुरू किया जाएगा।

## दादरी में दिनदहाड़े स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने की वारदात

# जमानत पर आए हत्यारोपी को गोलियों से भूना, मां भी घायल



ढाणी फोगाट में मामा के घर रह रहा था युवक, गाड़ी से टक्कर मारकर आरोपियों ने बाइक गिराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

शहर की प्रेमनगर कॉलोनी में ढाणी रोड पर शनिवार दोपहर बाद स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के दौरान युवक की मां भी घायल हो गई। मृतक की पहचान रोहतक के सुनारिया गांव निवासी 34 वर्षीय पंकज के रूप में हुई है, जो पिछले करीब तीन महीनों से दादरी के गांव ढाणी फोगाट में अपने मामा के घर रह रहा था। बताया जा रहा है कि मृतक पंकज पर पहले से हत्या के मामले दर्ज हैं और वह गत अप्रैल में ही जमानत पर बाहर आया था।

जानकारी के अनुसार, पंकज शनिवार दोपहर बाद रोहतक से आई अपनी मां बीरमति को बाइक पर लेने के लिए स्थानीय भगवान परशुराम चौक गया था। जब वह मां को बाइक पर बैठाकर वापस ढाणी फोगाट गांव लौट रहा था, तभी प्रेमनगर कॉलोनी की गली नंबर सात के सामने एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पंकज और उसकी मां सड़क पर गिर गए। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, स्कॉर्पियो से उतरे युवकों ने पंकज पर गोलियां चला दीं।

वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर अपनी गाड़ी में सवार होकर मौके से फरार हो गए। इस हमले में पंकज को गंभीर चोटें आईं और उसकी मां बीरमति भी घायल हो गईं। जिसके बाद दोनों घायलों को तुरंत उपचार के लिए दादरी के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद पंकज को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसकी मां का उपचार चल रहा है।

### रोहतक से दादरी भाई से मिलने आई थी महिला



**चरखी दादरी।** नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन मृतक पंकज की मां बीरमति।

### आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित की

दिनदहाड़े हुई इस वारदात की सूचना मिलते ही डीएसपी कप्तान सिंह सहित पुलिस और एफएसएल टीमें घटनास्थल तथा नागरिक अस्पताल पहुंचीं। डीएसपी कप्तान सिंह ने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीमें गठित की गई हैं। मृतक पंकज पर पहले से हत्या के मामले दर्ज हैं और वह गत अप्रैल में ही जमानत पर बाहर आया था।

## तीन माह बाद होनी थी शादी, आई मौत

# एनआरआई मंगेतर ने किया शादी से इनकार, नर्स ने लगाया फंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के फुसगढ़ गांव की 24 वर्षीय नर्स चांदनी ने कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर में अकेली थी। शाम को काम से लौटी मां ने कमरे में बेटी का शव फंदे से लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सेक्टर-32/33 थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वह नर्सिंग कोर्स पूरा करने के बाद एक निजी अस्पताल में प्रशिक्षण ले रही थी।

मृतका के पिता रामस्वरूप ने बताया कि चांदनी का रिश्ता करीब तीन वर्ष पहले बसताड़ा निवासी अमन के साथ तय हुआ था। अमन इटली में काम करता है। करीब तीन महीने बाद दोनों की शादी होनी थी। शादी के बाद चांदनी को भी विदेश जाना था।

इसके लिए जरूरी दस्तावेज तैयार हो चुके थे और परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। परिजनों का आरोप है कि घटना से पहले चांदनी की अपने मंगेतर से वीडियो कॉल पर बातचीत हुई थी।



परिवार का आरोप, इटली में रह रहे मंगेतर ने वीडियो कॉल पर ही शादी तोड़ दी, आहत होकर उठाया कदम

उनका कहना है कि कॉल के दौरान मंगेतर ने शादी से इनकार कर दिया, जिससे आहत होकर चांदनी ने यह कदम उठा लिया।

सेक्टर-32/33 थाना के एसएचओ सुनील ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवती द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## कार व पिकअप की टक्कर में 2 दोस्तों की मौत, 1 घायल

**झज्जर।** क्षेत्र के बहादुरगढ़ रोड पर बाजितपुर मोड़ के नजदीक एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण कार सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान जिले के भदानी गांव निवासी करीब 17 वर्षीय निशांत सागर पुत्र अनिल कुमार तथा करीब 24 वर्षीय मुकुल पुत्र जितेंद्र के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार भदानी निवासी निशांत सागर, मुकुल व दीपक पुत्र सुखबीर कार में किसी कार्य से शहर आ रहे थे। जब उनकी कार बाजितपुर मोड़ के नजदीक पहुंची तो उनकी कार को एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि मृतक मुकुल का एयरफोर्स में चयन हो चुका था, उसकी जल्द ज्वाइनिंग थी।

# लोहे के गेट के नीचे दबने से बच्चे की मौत

- निर्माणाधीन मकान के गेट पर झूल रहा था आठ वर्षीय बच्चा
- तीन बहनों का एक भाई था अंकित, परिवार में मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

पानीपत के गांव इसराना की धौला कॉलोनी में एक निर्माणाधीन मकान का लोहे का गेट गिरने से आठ वर्षीय अंकित पुत्र राममिलन मूल निवासी मध्यप्रदेश की मौत हो गई। बच्चा गेट पर झूल रहा था, तभी अचानक उसका कुंडा निकल गया और वजनी गेट अंकित के ऊपर आ गिरा। अंकित को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार शुरू होते ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, पीड़ित राममिलन अपने परिवार के साथ इसराना में दिहाड़ी मजदूरी करता है। उसके तीन बेटियां और एक बेटा अंकित था। इधर, पुलिस ने अंकित की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएचबीवीएन में 13 अधीक्षण अभियंताओं के तबादले

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने 9 कार्यकारी अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता (एसई) के पद पर पदोन्नत करने की स्वीकृति प्रदान की है। पदोन्नति के साथ ही 13 अधीक्षण अभियंताओं के स्थानांतरण एवं नई नियुक्तियों के आदेश भी जारी किए गए हैं। पदोन्नत अधिकारियों में इंजीनियर प्रवीण यादव को स्मार्ट सिटी परियोजना, गुरुग्राम का अधीक्षण अभियंता नियुक्त किया गया है। विजय पाल को एसई, ऑपरेशन सर्किल रेवाड़ी, अमित कम्बोज को एसई, ऑपरेशन सर्किल फरीदाबाद, आशुतोष पंचाल को एसई, ऑपरेशन सर्किल सिरसा तथा अविनाश यादव को एसई, ऑपरेशन सर्किल हिसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंजू पुनिया को ऊर्जा ऑडिट, विकास कादियान को आईटी विंग तथा सतीश कुमार को पीएंडडी शाखा में अधीक्षण अभियंता नियुक्त किया है। स्थानांतरण में कुलदीप अत्री को एमएंडपी सर्किल, हिसार, जितेंद्र ढुल को ऑपरेशन सर्किल, भिवानी, रेखा राठी को रेगुलेटरी अफेयर्स तथा वेद प्रकाश को एचआर शाखा, हिसार में नियुक्त किया है। आदेशों के अनुसार विजेंद्र सिंह को एसई (आर-एपीडीआरपी) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है, जबकि अविनाश यादव एसई (सिविल) का अतिरिक्त कार्य भी देखेंगे। वहीं इंजीनियर विकास कादियान प्रतिनियुक्ति पर एचईपीसी, पंचकूला में कार्यरत रहते हुए डीएचबीवीएन के आईटी कार्यों का अतिरिक्त दायित्व भी संभालेंगे।

# स्कूल के स्विमिंग पूल के चेंजिंग रूम में छात्राओं के कपड़े बदलते का वीडियो बनाया

- स्कूल के कर्मचारी को पुलिस ने पकड़ा, परिजनों ने किया हंगामा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के एक निजी स्कूल में स्कूल कर्मचारी द्वारा स्विमिंग पूल के चेंजिंग रूम में छात्राओं का वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी स्कूल में जैसे ही छात्राएं स्विमिंग पूल में नहाने के बाद चेंजिंग रूम में कपड़े बदल रही थी तो उन्होंने वहां स्कूल के ही एक कर्मचारी को चोरी-छिपे उनका वीडियो बनाते हुए देख लिया। छात्राओं ने तुरंत इसकी सूचना स्कूल प्रबंधन और अपने परिजनों को दी। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच, भागने की कोशिश कर रहे आरोपी कर्मचारी को परिजनों ने दबोच लिया। जब आरोपी की तलाशी ली गई तो उसका मोबाइल मिला, जिसमें छात्राओं के चोरी-छिपे बनाए गए वीडियो बरामद हुए। इसके बाद, स्कूल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कर्मचारी को हिरासत में ले लिया। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यह कर्मचारी कुछ दिन पूर्व ही स्कूल में लगाया गया था। बाद में बाल कल्याण समिति द्वारा छात्राओं की काउंसलिंग भी करवाई गई।

**कार्यालय, रा० प्रा० पा० - नठेड़ा (16747), खंड नाहड़ (रेवाड़ी)**

**सार्वजनिक सूचना / नीलामी तिथि में बदलाव**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा० प्रा० पा० - नठेड़ा (16747) खंड नाहड, जिला-रेवाड़ी के 4 पुरानें जर्जर कमरों की नीलामी के लिए पूर्व में एक विज्ञापन प्रकाशित किया था। अपरिहार्य कारणों के कारण उक्त नीलामी की तारिख 26-07-2026 में सशोंधन किया गया है। अब यह नीलामी 30-07-2026 को प्रातः 10 बजे रा० प्रा० पा० - नठेड़ा में आयोजित की जाएगी। नीलामी की अन्य सभी नियम एवं शर्ते पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार ही रहेंगी। **हस्ता/-**

**SMC रा० प्रा० पा० - नठेड़ा, जिला-रेवाड़ी**
**मोबाईल- 94664-19297, 97297-37318**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुर्कियावास (2513), खण्ड रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी के जर्जर भवन (6 कमरे) की नीलामी हेतु योग्य एवं रजिस्ट्रर्ड बोली दाता को दिनांक 30.07.2026 (गुरुवार) को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में वांछित दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया जाता है। 20 हजार रुपये सिक्योरिटी आवेदक बोली दाता को बोली के समय जमा करानी होगी तथा सफल बोली दाता को 100 प्रतिशत राशि नगद, चैक या डी.डी. के माध्यम से स्कूल मुखिया या एस.एम.सी. के पास जमा करानी होगी। जर्जर भवन (6 कमरों) को निर्धारित समय में तोड़ना होगा। बाकी नियम व शर्तें बोली के समय बता दी जाएगी।

प्रिंसिपल
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुर्कियावास (2513) खण्ड रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला - रायपुर (छ.ग.)**
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./ 2184/न.पा.नि./ लो. नि. शाखा / 2026 बीरगांव, दिनांक 24/07/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**e-Procurement Tender Notice (1st Call )**

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनान्तर्गत बंजारी मंदिर चौक से बस स्टैण्ड होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रावांभाठा तक सड़क चौड़कीकरण कार्य (निविदा राशि रू. 530.23) लाख के लिए System Tender No 196142 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 15.06.2026, Building S.OR. in force from 10.06.2026, ELECTRICAL S.O.R 10.06.2026, and amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस.ओ.आर. में प्रतिशत दर पर ( System Tender 196142 Bid Start Date 25.07.2026, Bid Due date. 17.08.2026, Physical Submission Last Date 24.08.2026, Open Date 25.08.2026) तक ई - निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्ते, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड / प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

"जय भारत जय छत्तीसगढ़"
"Say No To Plastic Bags, Save Earth"
"जल है तो कल है" "Use e-mail Save Tree"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला - रायपुर (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** — कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** — कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** — परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6298




**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6297 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्रा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |



## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक का सरगना अरेस्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर लीक का कथित



मास्टरमाइंड बिजेंद्र गुप्ता कई महीनों तक फरार रहने के बाद आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। महाराष्ट्र पुलिस ने बिजेंद्र गुप्ता को बिहार से गिरफ्तार किया है। ठाणे पुलिस ने शनिवार को बिहार से गिरफ्तार किया है।

### ईडी ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष को पकड़ा

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में धनशोधन के आरोपों के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी को शनिवार को यहां गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह जांच छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2020 और 2021 में आयोजित राज्य सेवा परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के कथित रूप से "लीक" होने और परीक्षा प्रक्रिया में कथित "हेरफेर" के आरोपों से संबंधित है।

### मध्यप्रदेश में कार के बांध में गिरने से पांच की मौत

**राजगढ़ (मप्र)।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में एक तेज रफ्तार कार के बांध में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह हादसा राजगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर खुजनेर थानाक्षेत्र में भीलखेड़ी मोड़ के पास हुआ। थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने बताया कि कार पचोर से खुजनेर की ओर जा रही थी। जिन लोगों की जान गयी है, वे पड़ोसी शाजापुर जिले के अरन्या गांव के रहने वाले थे।

### बंगाल विधानसभा में कैग की रिपोर्ट पेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने शनिवार को राज्य विधानसभा में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पेश की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से अज्ञात कारणों से इन रिपोर्टों को सदन में पेश नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की राज्य से जुड़ी कैग रिपोर्टों को विधानसभा में पेश नहीं किया जाना "संवैधानिक चूक" थी। उन्होंने सदन में कहा कि इन रिपोर्टों का अध्ययन करने से यह स्पष्ट हो जाएगा कि पश्चिम बंगाल पर आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज क्यों हो गया।

# ऑपरेशन विजय : शौर्य संध्या में मोटरसाइकिल पर जवानों ने दिखाया करतब

## द्रास में कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ, युद्ध संस्मरण' कार्यक्रम शुरू

**द्रास।** 'ऑपरेशन विजय' की 27वीं वर्षगांठ के मौके पर 25-26 जुलाई को कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस के सम्मान में 'शौर्य संध्या' का आयोजन, 'लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर बैंड' की संगीतमय प्रस्तुति और 'श्वेत अश्व' टीम का मोटरसाइकिल के जरिये करतब दिखाना शामिल है। इन कार्यक्रमों का मुख्य केंद्र द्रास स्थित मशहूर कारगिल युद्ध स्मारक होगा। ये कार्यक्रम कई जगहों पर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें द्रास सेक्टर की एक अग्रिम चौकी वाला इलाका 'सैंडो टॉप' शामिल है। इस आयोजन की शुरुआत 'ऑपरेशन विजय' की वर्षगांठ से एक दिन पहले शनिवार को होगी। अधिकारियों ने बताया कि यह मौका 1999 की उस शानदार जीत की याद दिलाता है, जब भारतीय सैनिकों ने बर्फ से ढकी चोटियों और पाकिस्तानी सैनिकों की लगातार गोलीबारी का सामना करते हुए बेमिसाल साहस और अटूट संकल्प के साथ कारगिल की चोटियों पर फिर से नियंत्रण हासिल किया था।

शनिवार सुबह 'युद्ध संस्मरण' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके तहत 17 मिनट की यादगार क्लिप दिखाई जाएगी, जिसमें कारगिल के उन 40 बहादुर सैनिकों को सम्मान दिया जाना था जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया था। वर्ष 1999 में पड़ोसी देश की घुसपैठ के बाद भारत ने 'ऑपरेशन विजय' चलाया था। कारगिल विजय दिवस, 26 जुलाई 1999 को 'ऑपरेशन विजय' के सफल समापन की याद में मनाया जाता है।

**जवानों को सम्मानित किया**



- द्रास के विश्वनाथन स्टेडियम में 'गौरवमय सांस्कृतिक' कार्यक्रम
- लेह स्थित 'फायर एंड फ्यूरी कोर' के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल मदनराज पांडे मुख्य अतिथि होंगे कार्यक्रम में कई तरह की प्रस्तुतियां होंगी, लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर बैंड की संगीत प्रस्तुति से होगी
- सेना की ओर से 16 ग्रेनेडियर्स ऑफिसर्स मेस में 'विजय भोज'
- सेना ने यहां कारगिल युद्ध स्मारक पर 'शौर्य संध्या' आयोजित
- कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिक, शहीद सैनिकों के परिजन और सेवारत सैनिक भी मौजूद रहे

**कारगिल युद्ध स्मारक पर 'श्रद्धांजलि समारोह' आज**

रविवार को सेना, 1999 के युद्ध के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कारगिल युद्ध स्मारक पर 'श्रद्धांजलि समारोह' का आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 'गौरव गाथा' का आयोजन होगा, जिसमें कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के असाधारण साहस, बलिदान और जीत को याद किया जाएगा। इसके बाद रक्षा मंत्री एक वर्चुअल 'वॉकथ्रू पोर्टल' का उद्घाटन करेंगे। ये कार्यक्रम लगभग तीन महीने तक चले संघर्ष के दौरान कारगिल की बर्फीली चोटियों पर लड़ी गई अहम लड़ाइयों में भारत की जीत की याद दिलाते हैं। इस कार्यक्रम का समापन 'शौर्य विजय यात्रा' (मोटरसाइकिल रैली) के साथ होगा। यह यात्रा नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से द्रास के कारगिल स्थित युद्ध स्मारक तक आयोजित की जाएगी।

## देशभर में मानसून का कहर अब जानलेवा साबित हो रहा

# असम और गुजरात में बाढ़ से हाहाकार, यूपी एमपी व राजस्थान में भारी बारिश का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लखनऊ

देशभर के कई राज्यों में मानसून का कहर अब जानलेवा साबित हो रहा है। असम में बाढ़ से हालात बेहद खौफनाक बने रहे हैं। यहां पिछले 24 घंटे में करीब 14 लोगों की मौत के साथ अब मृतकों का आंकड़ा 61 पहुंच गया है। सूबे में करीब 7 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं वहीं, गुजरात में लगातार भारी बारिश के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जहां 40 हजार से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मध्य प्रदेश में मॉनसून का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से 35 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के 30 जिलों और राजस्थान में भी मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही हिमाचल, उत्तराखंड समेत देश के अन्य राज्यों में भी मौसम विभाग ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### कश्मीर में लगातार पांचवें दिन बारिश जारी

**श्रीनगर (भाषा)।** कश्मीर के कई हिस्सों में लगातार पांचवें दिन रुक-रुक कर बारिश हुई, हालांकि अधिकांश जलाशयों में जलस्तर घटने के साथ बाढ़ का खतरा कम हो गया है। घाटी के अधिकांश हिस्सों में लगातार पांचवें दिन बारिश हुई। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक श्रीनगर और अन्य इलाकों में रुक-रुक कर बारिश जारी थी। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान कुछ संवेदनशील स्थानों पर अचानक बाढ़, भूस्खलन और मिट्टी धंसने की आशंका जताई है।

### सिक्किमः भूस्खलन से दो लोगों की मौत, चार लोग घायल



**गंगटोक (भाषा)।** सिक्किम के नामची जिले में शनिवार दोपहर सड़क से मलबा हटाते समय हुए भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि छह मजदूर सादा और फामटम गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर जमा मलबा हटा रहे थे, तभी हुए भूस्खलन से वे मलबे के नीचे दब गए। पुलिस के मताबिक, मृतकों की पहचान लाल बहादुर राय (18) व मान बहादुर गुरुंग (61) के रूप में हुई है और घायलों को तुरंत बाहर निकालकर नामची के जिला अस्पताल ले जाया गया।

### तटरक्षकबल का राहत-बचाव अभियान : 170 लोग बचाए

मानसून के सीजन में दमन, दादरा-नगर हवेली और दक्षिण गुजरात में आई भंयकर बाढ़ के बीच तटरक्षकबल द्वारा बड़े पैमाने पर चलाए गए राहत-बचाव अभियान के जरिए कुल 170 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। समूचे इलाके में बल ने कुल 11 अभियान चलाए। जिन्हें प्रतिकूल मौसम, हेलीकॉप्टरों, नौकाओं की मदद से अभियान चलाया। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि बचाव अभियान की वास्तविक रूप में शुरुआत 22-23 जुलाई की रात को हुई थी। जिसमें खानवेल और सिलवासा जैसे इलाकों में फंसे हुए 5 लोगों को सुरक्षित बचाया गया। फिर कदैय्या तटीय क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित नदी के किनारे मुश्किल हालात में फंसे हुए 3 मछुआरों को तटरक्षकबल ने सुरक्षित बाहर निकाला।

### छह दिन के बाद फिर शुरू हुई वैष्णो देवी यात्रा

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुट पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रा शनिवार को आंशिक रूप से फिर से शुरू हो गई। खराब मौसम के कारण यह यात्रा करीब एक हफ्ते से स्थगित थी। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के बावजूद श्राइन बोर्ड ने भूस्खलन के खतरे वाले संवेदनशील स्थानों पर कर्मचारियों की तैनाती सहित व्यापक सुरक्षा उपाय किए, जिसके बाद तीर्थयात्रियों को पारंपरिक मार्ग से यात्रा करने की अनुमति दे दी गई। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश और पहाड़ी से पत्थर गिरने के खतरे के मद्देनजर नया मार्ग बंद रहा। एहतियात के तौर पर हेलीकॉप्टर और बैटरी कार सेवाएं भी निलंबित रहीं। अधिकारियों ने कहा कि मौसम की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है और सुरक्षा आकलन के आधार पर ही शेष सेवाओं को फिर से बहाल करने पर निर्णय लिया जाएगा।

### फरार गैंगस्टर को इंडोनेशिया से वापस लाई पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब के गैंगस्टर रोधी कार्य बल ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर छह महीने की तलाश के बाद एक फरार गैंगस्टर को जकार्ता से वापस लाया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जोबनजीत सिंह कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत अपराध शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी कई देशों में अपनी गतिविधियां संचालित कर गिरफ्तारी से बच रहा था। यादव ने विवरण देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया, ₹अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी में पंजाब के गैंगस्टर रोधी कार्य बल ने पंजाब के 'ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्सट्रैडिशन सेल' और केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर फरार गैंगस्टर जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन बिल्ला को इंडोनेशिया के जकार्ता से वापस लाने में सफलता हासिल की है।

- जोबनजीत सिंह कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था

### आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, तीन लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम पुलिस ने पाकिस्तान से संचालित होने वाले शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उससे संबंध रखने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शुक्रवार को धुबरी, चिरांग और बरपेटा जिला पुलिस की मदद से संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान एसटीएफ ने धुबरी, चिरांग और बरपेटा जिलों से एक-एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान पांच मोबाइल फोन, सात सिम कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, डेबिट कार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए।

- पांच फोन, सात सिम कार्ड, आधार कार्ड, पासबुक, डेबिट कार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद

## भारत-तंजानिया में हुई बातचीत

# व्यापार, निवेश, रक्षा में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और तंजानिया ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से व्यापार, निवेश, रक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और विकास सहयोग सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। दार एस सलाम में आयोजित विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के दौरान दोनों देशों ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारत और तंजानिया के बीच विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) 22 जुलाई 2026 को तंजानिया के दार एस सलाम में आयोजित किया गया। बैठक की सह-



अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्व एवं दक्षिणी अफ्रीका) जनेश काइन और तंजानिया के विदेश मामलों एवं पूर्वी अफ्रीकी सहयोग मंत्रालय के एशिया एवं ऑस्ट्रेलिया विभाग की निदेशक फेलिस्टर रुगाम्बवा ने की।

# सरकारी भर्ती विज्ञापनों में रिक्तियां केवल पुरुष और महिला श्रेणी की

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा, तीसरे लिंग की जगह कहां

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर समुदाय के रोजगार अधिकारों को लेकर दिल्ली सरकार से पूछा कि जब सरकारी भर्ती विज्ञापनों में रिक्तियां केवल पुरुष और महिला श्रेणी में बांटी जाती हैं, तो ट्रांसजेंडरों की नियुक्ति कैसे होगी। कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली सरकार को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि सिर्फ आवेदन पोर्टल में थर्ड जेंडर का विकल्प जोड़ना इस



दिल्ली सरकार को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

समस्या का समाधान नहीं है। अदालत ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करना भी जरूरी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद आवेदन पोर्टल में तीसरे लिंग का विकल्प जोड़ दिया गया है।

### कोर्ट बोला- वे भी इंसान हैं, सहानुभूति से देखें

याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि शिक्षकों की भर्ती समेत कई सरकारी विज्ञापनों में अब भी पद 'पीजीटी बायोलॉजी (महिला)' और 'पीजीटी केमिस्ट्री (पुरुष)' जैसी श्रेणियों में बांटे जाते हैं। इस पर पीठ ने कहा, "वे भी इंसान हैं, उन्हें सहानुभूति से देखें। कोर्ट ने यह भी कहा कि आवेदन करने के बाद भी ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों को यह कहकर बाहर किया जा सकता है कि वे तय श्रेणी में फिट नहीं बैठते। इसी मुद्दे पर अदालत ने दिल्ली सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है।

### आपराधिक मामलों में ससुराल वालों को घसीटे जाने पर न्यायालय चिंतित

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने वैवाहिक विवादों में ससुराल वालों को घसीटे जाने और अक्सर एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए बच्चों का इस्तेमाल किए जाने पर चिंता जताते हुए एक नाबालिग की बुआ के खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले को रद्द कर दिया। लड़के के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद था और 2023 में तलाक हो चुका है। नपीठ ने रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री की पड़ताल किए बिना मामले को रद्द करने से इनकार करने के बंबई उच्च न्यायालय के रुख की आलोचना की। यह आम बात, बल्कि एक प्रथा बन गई है कि वैवाहिक विवादों से उत्पन्न मामलों में हिसाब चुकता करने के लिए ससुराल वालों को घसीटा जाता है।

## प्रदर्शन सुधारने के लिए तकनीक का लेंगे सहारा

# अब स्मार्ट जूते बताएंगे एथलीट की गलती

## आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों की मदद से तैयार किया गया सोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब देश के एथलीटों के प्रदर्शन को नई रफ्तार देने के लिए अब तकनीक का सहारा बनेगी। खिलाड़ी जल्द ही सेंसर लगे स्मार्ट सोल वाले जूतों में दौड़ेंगे। आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों की मदद से तैयार आठ से नौ अत्याधुनिक सेंसर लगे जूतों के सोल में लगाए गए हैं। ये सेंसर खिलाड़ी की दौड़ से जुड़ी तकनीकी कमियों को रियल टाइम में पकड़कर उसका डेटा मोबाइल या लैपटाप पर भेजेंगे। प्रशिक्षक आंकड़ों के आधार पर उनकी कमजोरी पहचान कर उसमें सुधार कराएंगे।



बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने बताया कि सेंसर से धावक की गति, कदमों की दूरी और दौड़ने के तरीके की सटीक जानकारी मिलेगी। मसलन, 400 मीटर की दौड़ में खिलाड़ी ने पहले 100 मीटर में कैसा प्रदर्शन किया और आखिरी 100 मीटर में उसकी रफ्तार कहां कम हुई, यह आसानी से पता चल सकेगा। सेंसर धावक की तकनीक और पैरों की गतिविधियों को भी ट्रैक करेगा। स्मार्ट सोल की मदद से खिलाड़ियों की उन तकनीकी गलतियों को भी पकड़ा जा सकेगा, जिन्हें सामान्य प्रशिक्षण के दौरान पहचानना मुश्किल होता है। दौड़ते समय पैर गलत दिशा में जा रहा है या कदमों के बीच तालमेल में कमी है, इसकी जानकारी भी डेटा के जरिए मिल सकेगी।

### भारोत्तोलक के बैलेंस और तीरंदाज की आंख पर नजर

तकनीक का इस्तेमाल सिर्फ एथलेटिक्स तक सीमित नहीं रहेगा। पटना के खेल भवन में तीरंदाजी, भारोत्तोलन, बाक्सिंग और शूटिंग के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तकनीक के जरिए बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। तीरंदाजी और शूटिंग के खिलाड़ियों के लिए विशेष स्मार्ट चश्मा तैयार किया गया है, जो निशाना साधते समय आंखों की पुतलियों की गतिविधि को ट्रैक करेगा। भारोत्तोलन में तकनीक यह पता लगाने में मदद करेगी कि वजन उठाते समय खिलाड़ी के दोनों पैरों पर समान भार है या नहीं।



**पड़ोसी देश पाकिस्तान के विरुद्ध 3 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध शुरू हुआ था। भारत ने 26 जुलाई 1999 को इस पर निर्णायक सैन्य विजय हासिल की। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम कारगिल विजय को याद कर रहे हैं। कारगिल विजय दिवस केवल अतीत के शौर्य का स्मरण करने का अवसर नहीं, यह भविष्य की चुनौतियों को समय रहते पहचानने और उनसे निपटने की प्रेरणा भी देता है। कारगिल में दुश्मन ने पहाड़ों की ऊंचाइयों का सहारा लिया था, जबकि आज वही चुनौती समुद्र की गहराइयों में दिखाई दे रही है। हालांकि इन बदलती परिस्थितियों से भारत पूरी तरह सजग है। भारतीय नौसेना लगातार अपनी समुद्री क्षमता का आधुनिकीकरण कर रही है। स्वदेश निर्मित कलवरी श्रेणी की आधुनिक पनडुब्बियां नौसेना की ताकत बढ़ा रही हैं। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण को बहुत बढ़ावा मिला है। यही वजह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल रक्षा उत्पादन 1.5 लाख करोड़ से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जहां तक भारत के उत्पाद की बात है तो अब स्वदेशी रूप से ब्रह्मोस मिसाइल, आर्टिलरी गन और रडार जैसे 65 प्रतिशत से ज्यादा महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों का घरेलू स्तर पर निर्माण हो रहा है।** ***इन्हीं तैयारियों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# अब पाक सरहद पर पुख्ता सुरक्षा तैयारियां



**विश्लेषण**
प्रभात कुमार राय
वरिष्ठ स्तंभकार

**कारगिल युद्ध में भारत सेना के 527 सैनिक और अधिकारी शहीद हुए और तकरीबन 1500 से अधिक सैनिक बुरी तरह से जख्मी हुए थे। कारगिल युद्ध के बुनियादी कारणों की जांच पड़ताल अंजाम दी गई तो नतीजा सामने आया कि भारत-पाक सरहद पर सैन्य सर्विलांस की काफी कुछ कमी कायम बनी रही थी। युद्ध के तत्पश्चात भारतीय सरहद पर सर्विलांस के लिए बहुत ही शानदार और प्रखर इंतजामात भारतीय सेना द्वारा अंजाम दिए गए हैं। भारतीय सरहद की निरंतर निगरानी रखने के लिए भारतीय वायु सेना के ड्रोन लगातार उड़ानें भरते रहते हैं। सरहद पर मिलिट्री इंटेलिजेंस सेटअप को अत्यंत शक्तिशाली बनाया गया है। डीआरडीओ के पास 10 की अपेक्षा आज तकरीबन 50 से अधिक प्रयोगशालाएं हैं।**

पाकिस्तान के विरुद्ध 3 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध का आगाज़ हुआ था। इसका समापन भारत की निर्णायक सैन्य विजय के साथ 26 जुलाई 1999 को संपन्न हुआ। भारत को आखिरकार कारगिल युद्ध क्यों लड़ना पड़ा? कारगिल युद्ध में भारत सेना के 527 सैनिक और अधिकारी शहीद हुए और तकरीबन 1500 से अधिक सैनिक बुरी तरह से जख्मी हुए थे। कारगिल युद्ध के बुनियादी कारणों की जांच पड़ताल अंजाम दी गई तो नतीजा सामने आया कि भारत-पाक सरहद पर सैन्य सर्विलांस की काफी कुछ कमी कायम बनी रही थी। सौभाग्य से तोशी नामग्याल नाम के एक शैफर्ड द्वारा भारतीय सरहदी क्षेत्र में पाक घुसपैठ की सूचना भारतीय सेना को तत्काल प्रदान की गई। शेफर्ड ताशी नामग्याल का एक याक गुम हो गया था, उसी को ढूंढते हुए उसने सरहद के कुछ सैन्य बंकरों में सैन्य हलचल देखी। ज्ञात हुआ कि बटालीक पहाड़ियों के भारतीय सैनिक बंकरों पर पाक सैनिकों ने आधिपत्य स्थापित कर लिया गया।

कारगिल युद्ध के तत्पश्चात भारतीय सरहद पर सर्विलांस के लिए बहुत ही शानदार और प्रखर इंतजामात भारतीय सेना द्वारा अंजाम दिए गए हैं। भारतीय सरहद की निरंतर निगरानी रखने के लिए भारतीय वायु सेना के ड्रोन लगातार उड़ानें भरते रहते हैं। सरहद पर मिलिट्री इंटेलिजेंस सेटअप को अत्यंत शक्तिशाली बनाया गया। भारत का डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन- डीआरडीओ 1958 में स्थापित किया गया था। उस वक्त डीआरडीओ के पास केवल 10 प्रयोगशालाएं थी। आज के दौर में डीआरडीओ के पास तकरीबन 50 से अधिक प्रयोगशालाएं हैं।

आजकल डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं में तकरीबन 5000 वैज्ञानिक और 25000 तकनीशियन कार्यरत हैं। सर्वविदित है कि प्रारम्भिक काल में भारत को अपनी सैन्य रक्षा उपकरणों और सामग्री के लिए काफी हद तक तत्कालीन सोवियत रूस पर निर्भर रहना पड़ा था। भारत द्वारा बड़े पैमाने पर फ्रांस, इजराइल और अमेरिका से भी सैन्य अस्त्र-शस्त्र आयात किए जाते रहे हैं।




## जापान संग सैन्य सुरक्षा सहयोग

भारत द्वारा अमेरिका के कूटनीतिक दबाव का प्रबल मुकाबला करते हुए मिसाइल डिफेंस प्रणाली एस 400 का निर्माण रूस के तकनीकी सहयोग से भारत में ही किया गया है। समुद्र के भीतर 6000 मीटर नीचे चलने वाली पनडुब्बी अरिहंत को हाल ही में न्यूक्लियर अस्त्रों से लैस किया गया है। एएसटीआरए मिसाइल का निर्माण भी भारत में ही किया जा रहा है। हाल ही में जब जापान की प्रधानमंत्री भारत पधारी, भारत और जापान के मध्य एक रक्षा समझौता अंजाम दिया गया। चीन के विस्तारवाद का मुकाबला करने के लिए जापान द्वारा अब पुनः एक सैन्य शक्ति बन जाने का निर्णय किया गया है। अमेरिका के सुरक्षा अंब्रेला से जापान का विश्वास पूरी तरह उठ चुका है। विश्व युद्ध के बाद जापान ने सैन्य शक्ति के रूप में अपना अस्तित्व समाप्त कर दिया था। किंतु एशिया में उत्पन्न हुए हालात को देखते हुए जापान ने अब फिर से सैनिक शक्ति बन जाने की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए हैं। भारत के साथ जापान का सैन्य सुरक्षा सहयोग यकीनन एशिया में एक नया सुरक्षी आयाम स्थापित करेगा। विश्व पटल पर अरब देशों के पश्चात, भारत सबसे अधिक सैन्य अस्त्र शस्त्रों को आयात करने वाला राष्ट्र रहा है।

## देश ने आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ाए कदम

कारगिल युद्ध के तत्पश्चात विगत दो दशकों से भारत द्वारा अत्यंत शक्तिशाली ढंग से सैन्य अस्त्र-शस्त्रों के निर्माण में आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाए गए। डीआरडीओ द्वारा कॉम्बैट ड्रोन का निर्माण करने की दिशा में बड़ा वैज्ञानिक कारनामा अंजाम दिया गया। तेजस एयर जेट लड़ाकू विमानों का भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू किया गया। डीआरडीओ द्वारा हाइपरसोनिक मिसाइल्स का निर्माण संभव हुआ। भारत में बैलिस्टिक मिसाइल्स का भी निर्माण प्रारंभ किया गया। रूस द्वारा प्रदत्त सैन्य तकनीक से भारत में ही ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण किया गया। अग्नि मिसाइलों का निर्माण किया गया। आकाश मिसाइलों का निर्माण किया गया। नाग मिसाइलों का निर्माण किया गया। डीआरडीओ का मूल मंत्र है- बलस्य मूलम् विज्ञानम् अर्थात शक्ति की बुनियाद में विज्ञान निहित है। इस वर्ष के बजट में डीआरडीओ को तकरीबन 25000 करोड़ का बजट प्रदान किया गया है। डीआरडीओ द्वारा खोजी गई वैज्ञानिक तकनीकों को इस्तेमाल करके आत्मनिर्भर भारत द्वारा आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों का निर्माण करके युद्ध मैदान के लिए निर्मित किया जाता है। सैन्य अस्त्र शस्त्रों का निर्माण मुख्यतः हिंदुस्तान एरॉनोटिक लिमिटेड, बीइएल, एडीए, एल एन्ड टी, टाटा एडवांस और भारत फोर्ज द्वारा किया जाता रहा है।

## अस्त्र-शस्त्रों का निर्यात

अब तस्वीर शनैः शनैः बदल रही है, क्योंकि भारत अस्त्र-शस्त्रों के निर्यात वाला देश के तौर पर उभर रहा है। फिलिपींस और दक्षिण कोरिया के साथ ही दक्षिण एशिया के अनेक देश भारतीय अस्त्र-शस्त्रों को आयात करने के लिए तत्पर हैं। अस्त्र शस्त्रों के निर्यात में अब भारत वस्तुतः एशिया के देशों में चीन के विकल्प के तौर पर उभर रहा है। भारतीय सेना विश्व की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। भारतीय सेना के पास आजकल विश्व श्रेष्ठतम अस्त्र शस्त्र विद्यमान है। भारतीय सेवा के पास तकरीबन 130 न्यूक्लियर वारहेड्स विद्यमान है। भारत द्वारा यूएई को आर्टिलरी अस्त्र निर्यात किए गए हैं। मॉरीशस और म्यांमार को मिसाइल और एयरक्राफ्ट्स निर्यात किए गए हैं। आने वाले वक्त में भारत में निर्मित सैन्य अस्त्र शस्त्रों का निर्यात बहुत तेजी के साथ वृद्धि करने वाला है। भारत को वस्तुतः दो युद्ध मोर्चे पर तैयार रहना है, पहला युद्ध मोर्चा पाकिस्तान का है और दूसरा है चीन का। भारत द्वारा विश्व के 20 प्रमुख देशों के साथ अस्त्र शस्त्रों की टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर समझौते अंजाम दिए हैं। विगत एक दशक से भारत आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों के निर्माण का एक बड़ा देश बन रहा है।

## प्राइवेट सेक्टर को भी अनुमति

अपनी सैन्य शक्ति को अत्यधिक शक्तिशाली बनाने की राह में भारत ने मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर एक मिलिट्री बेस तैयार करना प्रारंभ किया है। हिंद -प्रशांत महासागर में भारत को चीन की सैन्य चुनौतियों का सामना करना है। भारत और मालदीव ने एक सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत मालदीव के सिवारू द्वीप पर भारत और मालदीव एक साथ रक्षात्मक तैयारी अंजाम देंगे। भारत में विगत कुछ वर्षों के दौरान अपनी सुरक्षा व्यवस्था को अत्यंत शक्तिशाली बनाने की कोशिश की है। आधुनिकतम सैन्य अस्त्र शास्त्रों के निर्माण क्षेत्र में भारत ने प्राइवेट सेक्टर को भी प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की है। पाकिस्तान द्वारा सैन्य शक्ति से कश्मीर को हड़पने के लिए संचालित प्रॉक्सीवार का विगत 38 वर्षों से भारत ने कामयाबी के साथ प्रबल मुकाबला किया है। विश्व के सात देशों में शामिल है भारत, जोकि अपने ही देश में आधुनिकतम फाइटर जेटों का, आधुनिकतम टैंकों का, पनडुब्बियों का, मिसाइलों का निर्माण करने में सक्षम हैं। विगत 4 वर्षों के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने तकरीबन ढाई लाख करोड़ रुपये भारतीय सेना का आधुनिकरण करने के लिए खर्च किए हैं।

# चीन निर्मित पाक पनडुब्बियां बनी नई सामरिक चुनौती



**संघर्ष**
रमेश चंद्र
रि. नायब सूबेदार

प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को पूरा देश कारगिल विजय दिवस मनाकर उन वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करता है, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान का परिचय देते हुए भारत की सीमाओं की रक्षा की। कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना की आर्टलरी व आर्मर्ड कॉर्प्स का जम्मू एरिया में बहुत बड़ा योगदान था। आर्टलरी की बोफोर्स तोपों की मदद से हमारी विजय की गाथा लिखी गई। कारगिल युद्ध केवल एक सैन्य विजय नहीं था, बल्कि उसने देश को यह सीख भी दी कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही घातक साबित हो सकती है। शत्रु की रणनीति समय के साथ बदलती रहती है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को भी लगातार नए खतरों के अनुरूप मजबूत बनाना आवश्यक है।

आज जब हम कारगिल विजय को याद कर रहे हैं, तब यह समझना भी जरूरी है कि भविष्य की चुनौतियां अब केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं हैं। समुद्र की गहराइयों में भी ऐसे खतरे आकार ले रहे हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। कारगिल युद्ध और उसके बाद कई प्रत्यक्ष तथा परोक्ष संघर्षों में अपेक्षित सफलता न मिलने के बाद पाकिस्तान ने अपनी सैन्य रणनीति में बदलाव किया है। थल सीमा पर भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति को देखते हुए उसने समुद्री क्षमता बढ़ाने पर जोर देना शुरू किया है। इस दिशा में उसे सबसे बड़ा सहयोग चीन से मिल रहा है। चीन और पाकिस्तान का बढ़ता रक्षा सहयोग अब हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के लिए नई सामरिक चुनौती बनकर सामने आ रहा है। वर्ष 2015 में चीन और पाकिस्तान के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत चीन पाकिस्तान को आठ आधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां उपलब्ध करा रहा है। ये चीन की युआन श्रेणी की उन्नत पनडुब्बियों का निर्यात संस्करण हैं, जिन्हें पाकिस्तान ने 'हांगोर श्रेणी' नाम दिया है। अगले कुछ वर्षों में इन सभी के पाकिस्तान नौसेना में शामिल होने की संभावना है, जिससे उसकी समुद्री क्षमता पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हो जाएगी। इन पनडुब्बियों की सबसे बड़ी विशेषता एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) प्रणाली है। सामान्य डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों को कुछ दिनों बाद बैटरियां चार्ज करने के लिए समुद्र की सतह पर आना पड़ता है। ऐसा करते समय उनके रडार या समुद्री गश्ती विमानों की नजर में आने की संभावना बढ़ जाती है। इसके विपरीत, एआईपी तकनीक से लैस पनडुब्बियां लगभग पंद्रह से बीस दिनों तक बिना सतह पर आए समुद्र की गहराई में रह सकती हैं। इससे उनका पता लगाना और उन्हें निशाना बनाना कहीं अधिक कठिन हो जाता है। अरब सागर जैसे विशाल समुद्री क्षेत्र में ऐसी पनडुब्बियां किसी भी नौसेना के लिए बड़ी चुनौती बन सकती हैं। यह खतरा केवल सैन्य दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि भारत की आर्थिक सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। भारत का अधिकांश विदेशी व्यापार और ऊर्जा आयात समुद्री मार्गों के माध्यम से होता है। यदि किसी संघर्ष की स्थिति में पाकिस्तान इन पनडुब्बियों की मदद से व्यापारिक जहाजों, तेल आपूर्ति या महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को बाधित करने का प्रयास करता है, तो इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। भविष्य में यदि इनसे लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का संचालन होता है, तो भारत के तटीय शहरों, नौसैनिक अड्डों और सामरिक प्रतिष्ठानों के सामने नई चुनौती खड़ी हो सकती है। इसके साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी और पाकिस्तान के साथ उसका गहरा होता सैन्य सहयोग भारत के लिए दोहरे दबाव की स्थिति पैदा करता है। चीन लंबे समय से हिंद महासागर में अपने प्रभाव का विस्तार करने की रणनीति पर काम कर रहा है और पाकिस्तान इसमें उसका महत्वपूर्ण साझेदार बनता जा रहा है। हालांकि इन बदलती परिस्थितियों से भारत पूरी तरह सजग है। भारतीय नौसेना लगातार अपनी समुद्री क्षमता का आधुनिकीकरण कर रही है। स्वदेश निर्मित कलवरी श्रेणी की आधुनिक पनडुब्बियां नौसेना की ताकत बढ़ा रही हैं। इनमें स्वदेशी एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली जोड़ने की दिशा में भी कार्य चल रहा है। इसके अलावा पी-8आई पोसाइडन समुद्री टोही विमान, एमएच-60आर रोमियो हेलीकॉप्टर और आधुनिक पनडुब्बी रोधी प्रणालियां हिंद महासागर क्षेत्र में हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने में सक्षम हैं।

**चीन और पाकिस्तान का बढ़ता रक्षा सहयोग अब हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के लिए नई सामरिक चुनौती बनकर सामने आ रहा है। वर्ष 2015 में चीन और पाक के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत चीन पाकिस्तान को आठ आधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां उपलब्ध करा रहा है।**

प्रोजेक्ट-75(आई) के तहत नई पीढ़ी की अत्याधुनिक पनडुब्बियों के निर्माण की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही स्वदेशी रक्षा तकनीक और समुद्री निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कारगिल विजय दिवस केवल अतीत के शौर्य का स्मरण करने का अवसर नहीं है। यह भविष्य की चुनौतियों को समय रहते पहचानने और उनसे निपटने की प्रेरणा भी देता है। कारगिल में दुश्मन ने पहाड़ों की ऊंचाइयों का सहारा लिया था, जबकि आज वही चुनौती समुद्र की गहराइयों में दिखाई दे रही है। यदि भारत सतर्कता, आधुनिक तकनीक और मजबूत रक्षा तैयारियों के साथ आगे बढ़ता रहा, तो समुद्र से उठने वाली हर चुनौती का भी प्रभावी ढंग से सामना कर सकेगा। यही कारगिल विजय दिवस का सबसे बड़ा संदेश है और यही उन अमर शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।

# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहे हम



**मेक इन इंडिया**
उमेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में रक्षा उत्पादन का भारतीयकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी और नीतिगत सुधार 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत तेजी से बढ़ रहा है। इसकी सफलता का अंदाजा इस साल के कुल रक्षा उत्पादन के आंकड़ों से लगाया जा सकता है। इसके अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में कुल रक्षा उत्पादन 1.54 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में करीब तेईस हजार करोड़ ज्यादा है। वित्त वर्ष यानी 2023-24 में यह आंकड़ा एक लाख 27 हजार 434 करोड़ था। अगर शुरुआती वर्ष यानी 2014-15 के आंकड़ों से इसकी तुलना करें तो यह वृद्धि करीब 174 प्रतिशत ज्यादा है। तब भारत ने 46429 करोड़ का उत्पादन किया था।

रक्षा उत्पादन की इस उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र ही नहीं, निजी कॉरपोरेट की भी हिस्सेदारी है। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी करीब 23 प्रतिशत है, जो लगातार इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। हालांकि अभी भी इस क्षेत्र में वर्चस्व सार्वजनिक क्षेत्र की ही कंपनियों का है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण को बहुत बढ़ावा मिला है। यही वजह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल रक्षा उत्पादन 1.5 लाख करोड़ से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। रक्षा उत्पादन की निगरानी और नीतिगत सहयोग के लिए मोदी सरकार ने अलग से रक्षा उत्पादन विभाग बनाया है, जिसके अधीन हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख रक्षा उत्पादक कंपनी के रूप में उभरी है। इस क्षेत्र में देश की अग्रणी निजी कंपनियां और कारोबारी समूहों मसलन, टाटा, एलएंडटी और कल्याणी आदि अब मिसाइल, तोप और बख्तरबंद वाहन निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। नीतिगत बदलावों के चलते जहां बड़े कारपोरेट हाउसों के साथ ही छोटे कारपोरेट हाउसों और स्टार्टअप्स को भी मौका मिला है। रक्षा उत्पादन विभाग और वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोलह हजार लघु और मध्यम वर्ग की कंपनियां भी स्वदेशी रक्षा उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही स्वदेशी रक्षा उत्पादन के लिए 462 कंपनियों को 788 रक्षा औद्योगिक लाइसेंस जारी किए गए हैं। रक्षा उत्पादन में नीतिगत सुधार और निजी-सार्वजनिक क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी का ही असर है कि आज देश, अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया समेत दुनिया के सौ से ज्यादा देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहा है। जहां तक रक्षा उत्पादन में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की बात है, देश के कुल रक्षा उत्पादन में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का कुल योगदान 77 प्रतिशत है, जबकि बाकी निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी है। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी साल-दर-साल लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी जहां 21 प्रतिशत थी, जिसमें दो फीसद का इजाफा हो चुका है। यह भारत के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में निजी क्षेत्र की तेजी से बढती भूमिका को स्पष्ट करता है। निर्यात के क्षेत्र में भी भारत की प्रगति उल्लेखनीय हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 के निर्यात की तुलना में बीते वित्त वर्ष में 2,539 करोड़ रुपये यानी करीब 12.04 फीसद की बढ़त दर्ज की गई है। सरकार ने वर्ष 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये के रक्षा निर्माण और 50,000 करोड़ के रक्षा निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इन गतिविधियों से भारत न केवल अपने आर्थिक विकास को गति दे रहा है, बल्कि वैश्विक रक्षा उत्पादन और विनिर्माण केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को सुदृढ़ भी कर रहा है। भारत के रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन और निर्यात के पीछे सरकारी नीतियों में आया बदलाव है। इससे भारतीय रक्षा उत्पादन क्षेत्र लगातार देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इन नीतियों ने रक्षा क्षेत्र को आयात-निर्भरता से मुक्त करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया है। सरकार ने रक्षा उत्पादन को निजी क्षेत्र के लिए खोलने की दिशा में विदेशी निवेश को 74 प्रतिशत तक कर दिया है। मोदी सरकार का लक्ष्य 2030 तक रक्षा उत्पादन को 3 लाख करोड़ तक पहुंचाने का है।



**रक्षा उत्पादन की इस उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र ही नहीं, निजी कॉरपोरेट की भी हिस्सेदारी है। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी करीब 23 प्रतिशत है, जो लगातार इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। हालांकि अभी भी इस क्षेत्र में वर्चस्व सार्वजनिक क्षेत्र की ही कंपनियों का है।**

जहां तक भारत के उत्पाद की बात है तो अब देश स्वदेशी रूप से ब्रह्मोस मिसाइल, आर्टिलरी गन और रडार जैसे 65 प्रतिशत से ज्यादा महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों का घरेलू स्तर पर निर्माण हो रहा है।

# दर्द, गर्व और राष्ट्र के सम्मान का दिन



**कारगिल विजय दिवस**
डा. विवेक बाल्यान
स्वतंत्र पत्रकार

देश आज का दिन भारतीय इतिहास में केवल एक तारीख नहीं, बल्कि शौर्य, बलिदान और राष्ट्र-गौरव प्रतीक है। वर्ष 1999 में भारत ने 26 जुलाई को ही कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी और दुनिया को यह संदेश दिया था कि भारत अपनी सीमाओं, अपने सम्मान और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह से सक्षम है। कारगिल की बर्फीली चोटियों पर लड़ी गई यह लड़ाई साधारण नहीं थी। यह युद्ध ऊंचाई पर कठोर मौसम में लड़ा गया, जहां हर कदम पर मौत का खतरा था। इसके बाद भी भारतीय सेना ने अदम्य साहस, अनुशासन और देशभक्ति के बल पर विजय पताका फहराई। शौर्य बलिदान की इस गाथा में हरियाणा की भूमि पर जन्में 75 वीर सपूतों ने भी अपने प्राण न्यौछावर किए। ये केवल एक संख्या नहीं हैं, बल्कि वे नाम हैं जिनके पीछे इन सपूतों के परिवारों का दर्द, गांवों का गर्व और राष्ट्र का सम्मान छिपा हुआ है।

हरि की धरा हरियाणा की मिट्टी को हमेशा से वीरता, परिश्रम और देशसेवा की भूमि माना गया है। यहां के किसान जिस तरह खेतों में पसीना बहाते हैं, उसी तरह उनके बच्चे सीमा पर खड़े होकर देश की रक्षा करते हैं। हरियाणा का सामाजिक और सांस्कृतिक चरित्र ही ऐसा रहा है कि यहां सैनिक बनना केवल नौकरी नहीं, बल्कि सम्मान और परंपरा का विषय रहा है। जब कारगिल युद्ध छिड़ा, तब हरियाणा के अनेक जवान अग्रिम पंक्ति में दुश्मन के सामने खड़े थे। उन्होंने न केवल युद्ध लड़ा, बल्कि उसमें सर्वोच्च बलिदान भी दिया। कारगिल के युद्ध में शहीद हुए हरियाणा के 75 जवान इस राज्य की सैन्य परंपरा को अमर कर गए। उनके बलिदान ने यह साबित कर दिया कि हरियाणा की वीरता केवल कथाओं में नहीं, बल्कि वास्तविक युद्धभूमि में भी उतनी ही प्रखर है। कारगिल युद्ध की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि यह युद्ध अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में लड़ा गया। हिमालय की ऊंची-ऊंची चोटियां, भीषण ठंड, दुर्गम चढ़ाई, सीमित ऑक्सीजन और दुश्मन की पहले से बनाई गई मजबूत स्थिति- इन सबके बीच भारतीय सैनिकों ने असंभव लगने वाली इस लड़ाई को जीता। विजय के इस अभियान में हरियाणा के शहीदों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही। वे अपने साहस और कर्तव्यनिष्ठा से इस राष्ट्रीय विजय का हिस्सा बने। कारगिल विजय दिवस मनाने का अर्थ केवल एक युद्ध में भारत की जीत की याद ताज़ा करना नहीं है। यह दिन हमें यह भी स्मरण कराता है कि हमारे सैनिक ने किस कीमत पर हमें सुरक्षित जीवन प्रदान किया। जब देश के नागरिक अपने घरों में चैन से रहते हैं, तब सीमा पर जवान हिमपात, गोलियों और दुश्मन की घेराबंदी से जूझ रहे होते हैं। इस वास्तविकता को हम अक्सर तभी महसूस करते हैं जब कोई युद्ध या शहादत की बड़ी घटना सामने आती है। कारगिल युद्ध ने पूरे देश को यह समझाया कि सैनिकों का बलिदान सिर्फ समाचार नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का हिस्सा है। हरियाणा के शहीदों ने इस भावना को और भी गहराई दी। उनकी शहादत केवल सैन्य इतिहास में दर्ज नहीं, बल्कि हरियाणा की लोक-स्मृति और जन-चेतना में हमेशा जीवित रहेगी। कारगिल विजय दिवस पर जब हम तिरंगा फहराते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि उस झंडे की ऊंचाई के पीछे कितने परिवारों की वेदना छिपी है। हरियाणा के शहीदों ने इस तिरंगे की ऊंचाई के लिए अपना जीवन दिया। उनका रक्त इस ध्वज की लाली में शामिल है। उनका साहस इस राष्ट्र की आत्मा में मौजूद है। उनका नाम लेकर जब हम श्रद्धांजलि देते हैं, तब हम केवल अतीत को नहीं देखते, बल्कि एक ऐसे भारत की कल्पना करते हैं जो अधिक कृतज्ञ, अधिक मजबूत और अधिक एकजुट हो।आज की पीढ़ी के लिए कारगिल विजय दिवस का संदेश बहुत स्पष्ट है। यह दिन बताता है कि स्वतंत्रता की रक्षा केवल नारे से नहीं होती, उसके लिए बलिदान चाहिए। कारगिल विजय दिवस हरियाणा के लिए विशेष गर्व का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हरियाणा की धरती ने देश को ऐसे सपूत दिए हैं, जिन्होंने कर्तव्य को जीवन से बड़ा माना। इन 75 शहीदों की शहादत केवल एक राज्य की नहीं, पूरे भारत की धरोहर है। उनका बलिदान हमें सिखाता है कि देश के लिए दिया गया जीवन कभी व्यर्थ नहीं जाता। वे आज भले हमारे बीच न हों, लेकिन उनकी बहादुरी, उनकी निष्ठा और उनका त्याग हमेशा जीवित रहेगा।



**यह दिन हमें याद दिलाता है कि हरियाणा की धरती ने देश को ऐसे सपूत दिए हैं, जिन्होंने कर्तव्य को जीवन से बड़ा माना। इन 75 शहीदों की शहादत केवल एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे भारत की धरोहर है। उनका बलिदान हमें सिखाता है कि देश के लिए दिया गया जीवन कभी व्यर्थ नहीं जाता।**







# तीसरे दिन भारतीय मुक्केबाज सचिन और महिला लॉन बॉल्स जोड़ी का शानदार प्रदर्शन

## कॉमनवेल्थ गेम्स : बाउल्स में भारत की लगातार तीसरी जीत, रूपा-पिंकी का शानदार प्रदर्शन जारी

- भिवानी के मुक्केबाज सचिव सिवाच का मुकाबला इंग्लैंड के विलियम से होगा

एजेंसी ▶▶| ग्लासगो

भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों के तीसरे दिन शनिवार को मुक्केबाज सचिन सिवाच ने कड़े मुकाबले में जीत दर्ज कर पुरुष 60 किग्रा के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि लॉन बॉल्स महिला पेयर्स में रूपा रानी टिर्की और पिंकी सिंह ने लगातार तीसरी जीत हासिल कर सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। शुक्रवार को झंडू कुमार ने पुरुषों की हैवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पदकों का खाता खोला था। भारत के प्रबल पदक दावेदारों में शामिल मुक्केबाज सचिन ने कनाडा के अपने परिचित प्रतिद्वंद्वी केओमा अल-अहमदीह पर 4-1 के विभाजित फैसले में जीत दर्ज की। भिवानी के 26 वर्षीय मुक्केबाज का सामना अब अंतिम-16 में इंग्लैंड के विलियम हेविट से होगा। रूपा और पिंकी की भारतीय जोड़ी ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए महिला पेयर्स के सेक्शन बी में तीसरे राउंड में टोंगा की पेरिस बेकर और मिलिका नाथन को टाई-ब्रेकर में 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखा। रूपा और पिंकी ने पहला सेट 5-2 से जीता। टोंगा ने पहले ''एंड'' में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे ''एंड'' में रूपा (लीड) और पिंकी (स्किप) के बीच बेहतरीन तालमेल के जरिए वापसी की। इससे भारत दूसरे ''एंड'' में आगे हो गया और स्कोर 1-1 से बराबर हो गया।




### बिहार के झंडू ने दिलाया भारत को पहला पदक



**ग्लास्गो।** राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पहले पदक विजेता के रूप में झंडू कुमार का नाम जब गूंजा तो वह सिर्फ एक कांस्य पदक की घोषणा नहीं थी, बल्कि संघर्ष, उपहास और अदम्य इच्छाशक्ति की जीत का ऐलान भी था। बिहार के 28 वर्षीय पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने शुक्रवार को पुरुषों के हेवीवेट वर्ग में 130.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। उन्होंने 181 किलोग्राम और 190 किलोग्राम वजन सफलतापूर्वक उठाया, जबकि 196 किलोग्राम का उनका अंतिम प्रयास सफल नहीं हो सका। यह भार उनके पदक का रंग बदल सकता था। झंडू ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा आयोजित बातचीत में कहा, /''खुशी इतनी ज्यादा है कि पिछली रात से नींद ही नहीं आई। लेटता हूं तो भी नींद नहीं आती।/'' वह हालांकि अंतिम प्रयास में चूक का कोई अफसोस नहीं मानते।

### चाड ले ने जीता 19वां पदक



दक्षिण अफ्रीका के तैराक चाड ले क्लॉस पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में सबसे अधिक पदक जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। ले क्लॉस ने राष्ट्रमंडल खेलों में 19वां पदक जीतकर ऑस्ट्रेलिया के निशानेबाज फिल एडम्स और इंग्लैंड के मिक गाल्ट को पीछे छोड़कर नया रिकॉर्ड बनाया।

### भारतीय तैराकों ने किया निराश

भारतीय तैराकों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिसमें धक्षन शशिकुमार और आर्यन नेहरा दोनों ही पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। शशिकुमार ने 'टोलक्रॉस स्विमिंग सेंटर' में आयोजित 400 मीटर फ्रीस्टाइल की हीट में 27 तैराकों के बीच 3:58.09 मिनट का समय लेकर 15वां जबकि आर्यन नेहरा ने 4:00.26 मिनट के साथ 16वां स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप



### कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय बनीं दीक्षा

**डंडोनल्ड लिंक्स।** दीक्षा डागर दूसरे दौर में वन ओवर 73 का कार्ड खेलकर महिला स्कॉटिश ओपन में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय रहीं। अब वह 74-73 के कार्ड के साथ तीन ओवर पर हैं और संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर हैं। प्रणवी उर्स (84-71) 11-ओवर पर रहीं और कट से चूक गईं। अवनि प्रशांत (80-77) भी कट हासिल नहीं कर सकी। दीक्षा ने दूसरे, सातवें और 14वें होल पर बर्डी लगाई लेकिन तीसरे, छठे, 13वें और 15वें होल पर शॉट ड्रॉप भी किए। फिलहाल एलईटी 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष-10 में शामिल दीक्षा को अगले हफ्ते होने वाले एआईजी वुमेंस ओपन में जगह बनाने के लिए अच्छे नतीजे की जरूरत है।

### सिंगापुर चैलेंजर स्क्वाश में भारतीय चुनौती समाप्त



**सिंगापुर।** ओम सेमवाल, संदेश रविकुमार और रतिका सीलान क्वार्टर फाइनल में हार के साथ पीएसए सिंगापुर चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पुरुष एकल में चौथी वरीयता प्राप्त सेमवाल आठवें वरीय जेम्स पीच से हार गए। ब्रिटिश खिलाड़ी ने 7-11, 11-6, 7-11, 11-9, 11-7 से जीत हासिल की। पुरुष एकल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में रविकुमार को दक्षिण कोरिया के तीसरी वरीयता प्राप्त जियोंगमिन रियू से 9-11, 11-5, 7-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त रतिका छठी वरीयता प्राप्त यू जी चेन से हार गईं। मलेशियाई खिलाड़ी ने 11-7, 12-10, 9-11, 11-0 से जीत दर्ज की।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेंगे शकील

**लाहौर।** अनुभवी खिलाड़ी सऊद शकील को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट और उसके बाद इंग्लैंड में होने वाली तीन टेस्ट मैचों श्रृंखला के लिए चोटिल अब्दुल्ला फजल की जगह पाकिस्तान की टीम में शामिल किया जा सकता है। मई में बांग्लादेश में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले फजल शनिवार से तारौबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके पीठ के निचले हिस्से में चोट लगी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि फजल को चोट से उबरने के लिए कुछ समय की जरूरत पड़ेगी। शकील को उनकी फिटनेस और फॉर्म को देखते हुए वेस्टइंडीज के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया था।



## 15 अगस्त से गॉल में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज

# अगले सप्ताह टीम इंडिया का ऐलान बुमराह की फिटनेस पर टीकी नजरें

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी और चयन समिति की बैठक में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर गहन चर्चा होने की संभावना है। भारत 15 अगस्त को गॉल में होने वाले पहले टेस्ट मैच से दौरे की शुरुआत करेगा। दूसरा टेस्ट मैच 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। बुमराह हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे और निर्णायक मैच से बाहर रहे थे, क्योंकि उनके बाएं घुटने में चोट लग गई थी और उसमें सूजन आ गई थी।




### बुमराह के फिटनेस पर नजर

इस घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'हम उनके ठीक होने की प्रक्रिया पर नजर रख रहे हैं। टेस्ट श्रृंखला शुरू होने में अभी तीन सप्ताह का समय है , इसलिए उनके पास ठीक होने और श्रीलंका में टीम से जुड़ने के लिए पर्याप्त समय है।' भारतीय टीम 4 अगस्त तक श्रीलंका पहुंच जाएगी और वहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब में चार दिवसीय मैच खेलेगी। लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या बुमराह अगस्त के पहले सप्ताह में टीम के साथ यात्रा कर पाएंगे या नहीं।

### वापसी करने के लिए तैयार जडेजा

अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक वनडे मैच खेलने के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। श्रीलंका में उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए जडेजा को टीम में शामिल नहीं किया गया था, जिसमें भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। जहां तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे, वहीं अनुभवी कुलदीप यादव और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के साथ स्पिन विभाग की अगुवाई करेंगे।

### मानव ने डेब्यू में छोड़ा प्रभाव

मानव ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करते हुए अपना प्रभाव छोड़ा था। तीसरे स्पिनर वाशिंगटन सुंदर हो सकते हैं, जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट लिए थे, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे स्पिन विभाग में विकल्प के तौर पर टीम में बने रहेंगे।



## इशान, तिलक के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे से श्रृंखला जीती

- किशन ने 44 गेदों में 81 रन बनाए, बने मैन ऑफ द मैच

एजेंसी ▶▶| बहरारे

इशान किशन (81) और तिलक वर्मा (नाबाद 60) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 90 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

जीत के लिए 220 रन का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम की शुरुआत आक्रामक रही, लेकिन नौ ओवर के भीतर पांच विकेट गंवाने के बाद उसकी हार लगभग तय हो गई। पूरी टीम 17.5 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 219 रन बनाए थे। इस जीत के साथ भारतीय टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने आयरलैंड (0-2) और इंग्लैंड (0-4) में लगातार दो श्रृंखलाओं में मिली हार के बाद पहली बार बतौर कप्तान श्रृंखला जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे की ओर से ब्रायन बेनेट ने 19 गेंदों में 32 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज यश ठाकुर पर छक्का और चौका जड़ा, लेकिन अगली ही कोशिश में विकेटकीपर किशन ने उनका कैच लपक लिया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने मेजबान बल्लेबाजों को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। रेयन बर्ल (20) और तादिवानाशे मारुमनी (24) कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन भारतीय आक्रमण के सामने कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी। अभिषेक शर्मा ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि पदार्पण कर रहे यश ठाकुर (30 रन पर दो विकेट) और प्रिंस यादव (10 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट झटके। तिलक और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली। भारत की इस शानदार जीत के बीच प्रिंस यादव की चोट चिंता का विषय रही।

विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप

## अनाहत सिंह बनीं विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियन

एजेंसी ▶▶| ओंटारियो

भारत की स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शनिवार को मिस्र की रुकैया सलेम को हराकर विश्व जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज और टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत ने महिला फाइनल में रुकैया को सीधे गेमों में 11-3, 11-7, 11-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दिल्ली की रहने वाली अनाहत ने पिछले साल भी इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया था और सेमीफाइनल तक पहुंचकर कांस्य पदक जीता था। इस बार उन्होंने एक कदम आगे बढ़ते हुए विश्व जूनियर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में मिस्र की तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त बार्ब समेह को 11-3, 8-11, 11-4, 11-6 से हराया। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज अनाहत भारत की पहली जूनियर विश्व स्क्वाश चैंपियन बनी है।




### जीत पर बोली 'मैं बहुत खुश हूं

*अनाहत ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। अनाहत ने कहा, 'मैंने चार विश्व जूनियर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है लेकिन क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में हार गई थी, इसलिए फाइनल में पहुंचने से मेरे माता-पिता और कोच बहुत खुश हैं, लेकिन टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ है।'*

## काउंटी क्रिकेट डेब्यू में चमके कुलदीप, चटकाए दो विकेट

एजेंसी ▶▶| लंदन

कुलदीप यादव ने इंग्लैंड में घरेलू लिस्ट ए टूर्नामेंट वन-डे कप में यॉर्कशायर के लिए ग्लेमोर्गन के खिलाफ शानदार डेब्यू किया। उन्होंने 39 रन देकर 2 विकेट लिए। बाएं हाथ के इस चाइना मैन गेंदबाज को पहले नौ ओवर में कोई विकेट नहीं मिला था, लेकिन उन्होंने आखिरी ओवर में तीन गेंदों में दो विकेट झटक लिए।

कुलदीप ने 44वां ओवर फेंकते हुए पहली गेंद पर एलेक्स हॉर्टन को आउट किया। दो गेंद बाद जेमी मैक्लरॉय को आउट किया। यॉर्कशायर ने दाएं हाथ के मीडियम पेसर बेंजामिन क्लिफ के 29 रन देकर चार विकेट की मदद से ग्लेमोर्गन को सिर्फ 186 रन पर रोक दिया। कुलदीप ने बल्ले से भी 12 रन बनाए और उनकी टीम ने दो विकेट से मैच जीत लिया। इंडियन प्रीमियर लीग में बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले आशुतोष शर्मा ने काउंटी में गेंद से धाक जमाई है।




## 55वीं केवीएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता

# निशानेबाजी में शुभी ने जीता स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| फगवाड़ा

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (लपीयू), फगवाड़ा में आयोजित 55वीं केवीएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता-2026 में जबलपुर की प्रतिभाशाली निशानेबाज़ शुभी शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल (महिला वर्ग) में स्वर्ण पदक जीतकर जबलपुर शहर एवं अपने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

देशभर के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से चयनित शीर्ष 75 महिला खिलाड़ियों के बीच हुए कड़े मुकाबले में शुभी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेताओं को अब स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो उनके खेल करियर की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शुभी शर्मा पिछले चार वर्षों से जबलपुर स्थित 'गन फॉर ग्लोरी' शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्हें वरिष्ठ कोच निशांत नाथवाणी एवं सहायक कोच शक्ति चक्रवर्ती के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर प्रशिक्षण मिल रहा है।



## 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में हॉकी विश्व कप

# फुल्टन का दावा, विश्व कप में 51 साल का सूखा तोड़ने को तैयार भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन विश्व कप में 51 साल से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस टूर्नामेंट में इतिहास रचने के लिए तैयार है।

पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले फुल्टन अच्छी तरह जानते हैं कि अगर भारत को 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप में पदक का सूखा खत्म करना है तो टीम को अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखनी होगी।



### भारत ने विश्व कप में जीते मात्र तीन पदक

8 बार का ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारत विश्व कप में अभी तक केवल तीन पदक जीत पाया है। उसने अपना आखिरी पदक स्वर्ण पदक के रूप में 1975 में अजीत पाल सिंह की कप्तानी में कुआलालंपुर में जीता था। फुल्टन ने कहा, 'भारत ने आखिरी बार 1975 में यह खिताब जीता था। हमारे लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और उसे एशियाई खेलों तक बरकरार रखना महत्वपूर्ण है। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना भी हमारी प्राथमिकता है।'

### प्रत्येक विभाग का अच्छा प्रदर्शन करना अहम

फुल्टन ने कहा, 'हम बेहद खुश हैं कि हमें यह अवसर मिला है। इस तरह के टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण मौकों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, सही समय पर अपने चरम पर पहुंचना और प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना अहम होता है। हमने पेरिस में यह साबित कर दिया है कि हम कुछ युवा खिलाड़ियों को शामिल करने के बावजूद अनुभवी टीम उतार सकते हैं। हमारे पास अच्छा मौका है और हम किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं।' उन्होंने कहा, ''मैं भारतीय हॉकी की विरासत से अच्छी तरह से वाकिफ हूं और यह भी जानता हूं कि भारत का विश्व कप में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। हम इसे बदलना चाहेंगे। हम भारतीय हॉकी में अपना इतिहास लिखना चाहेंगे।'

### वेल्स, इंग्लैंड और पाकिस्तान के साथ पूल डी में भारत

भारत को विश्व कप में वेल्स, इंग्लैंड और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ पूल डी में रखा गया है और फुल्टन ने कहा कि टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, 'हमारा ग्रुप काफी कड़ा है और हमें वेल्स के खिलाफ पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हमें लय बनाने पर ध्यान देना होगा। हमें टूर्नामेंट के आखिर तक पहुंचने की कोशिश करनी होगी, जहां हमें अपने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करना होगा।' भारत अभी विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज है और फुल्टन ने विश्व कप और उसके तीन सप्ताह के भीतर होने वाले एशियाई खेलों को अपना लक्ष्य रखा है।




## खबर संक्षेप

### सीरिया में दो बसों के बीच टक्कर, 35 की मौत



**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क को पूर्वी प्रांत दीर अल जूर से जोड़ने वाले एक राजमार्ग पर दो बसों के बीच टक्कर के कारण कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि यात्री बस और गृह मंत्रालय की बस के बीच हुई इस टक्कर में लगभग 30 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर जारी बचाव अभियान में सीरियाई सेना के हेलीकॉप्टरों की मदद ली जा रही है। दुर्घटना के कारण का अभी पता नहीं चल सका है।

### यौन उत्पीड़न में आईसीसी के करीम खान हटाए गए

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के सदस्य देशों ने शुक्रवार को मुख्य



अभियोजक करीम खान को पद से हटाने के लिए मतदान किया। आईसीसी के 125 सदस्य देशों ने महिला सहायक से यौन उत्पीड़न के दोषी करीम खान को हटाया। यह पहला मौका है, जब किसी मुख्य अभियोजक को निकाला गया है। 56 वर्षीय खान ने आरोप का लगातार खंडन किया है। अदालत की निगरानी संस्था ने अपनी रिपोर्ट में खान को गंभीर दुराचार का दोषी पाया था।

### होर्मुज में एलपीजी टैंकर 'दिशा' पर हुआ मिसाइल हमला, 28 भारतीय सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पश्चिम-एशिया क्षेत्र में एक बार फिर से शुरू हुए युद्ध के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव काफी बढ़ गया है। इस बीच मोजाम्बिक के ध्वज वाले एक एलपीजी टैंकर 'दिशा' पर मिसाइल हमले की जानकारी सामने आई है। जिसमें यह पता चला है कि टैंकर में सवार चालक दल के सभी 28 भारतीय नागरिकों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। यह घटना बीते शुक्रवार को जलडमरूमध्य के पास ईरान के जलक्षेत्र में हुई थी। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की।

# शिक्षा में हो रहे नीतिगत बदलाव ही मनुष्य को संवेदनशील बनाएंगे: डॉ. हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वाराणसी

अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र द्वारा शब्दन फाउंडेशन के सहयोग से भारतीय ज्ञान परम्परा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर शनिवार को व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी शामिल हुए। अपने व्याख्यान में डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा में किए जा रहे नए नीतिगत बदलावों का मुख्य उद्देश्य मनुष्य को संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा और शिक्षा नीति संस्कारों का विस्तार न कर सके, वह व्यर्थ है। डॉ. द्विवेदी ने पौराणिक एवं धार्मिक कथाओं के समृद्ध स्वरूप के माध्यम से अपने तर्कों को प्रस्तुत करते हुए व्याख्यान को सार्थक बनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवेंद्र राणा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अश्विनी सिंह ने किया।

**अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र वाराणसी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर व्याख्यान**



### संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है

*इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह एवं प्रो. गुरुप्रसाद सिंह, पशुपालन विभाग, बीएचयू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. प्रेम नारायण सिंह, निदेशक, अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, वाराणसी ने की। स्वागत वक्तव्य एवं विषय प्रवेश पर बोलते हुए प्रो. गुरुप्रसाद सिंह ने शिक्षा के सहकार का अर्थ बताते हुए कहा कि जिस शिक्षा की अवधारणा को हम आत्मसात करना चाहते हैं, वह संस्कारों के बिना अधूरी है।*



### सभी को समान शिक्षा मिले

मुख्य वक्ता बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने शिक्षा की प्रशासनिक एवं आर्थिक स्वायत्तता की बात कही। साथ ही उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि परिसर में सभी को समान शिक्षा मिले। उन्होंने आजादी के बाद से वर्तमान तक की शिक्षा नीतियों की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए उनकी विवेचना की।

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर विश्व के मीडिया ने दी प्रतिक्रिया

# सरकार ने आंदोलन को नजरअंदाज किया ये सब पहले ही हो जाता तो तमाशा न होता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की मांग को पूरा करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हो गया है। उनके इस्तीफे की मांग करते हुए सीजेपी पिछले 36 दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रही थी। जब से सीजेपी का यह प्रदर्शन नई दिल्ली में शुरू हुआ है, इसकी विश्व मीडिया लगातार कवरेज करता आया है।

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को न्यूयॉर्क टाइम्स, बीबीसी, सीएनएन, अल जजीरा, द गार्डियन और डॉन समेत कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने भी टॉप स्टोरीज में जगह दी है। इस्तीफे के बाद बीबीसी ने लिखा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से पीएम मोदी सरकार आम तौर पर विरोध प्रदर्शनों के प्रति सख्त रुख अपनाती रही है और शायद ही कभी किसी बड़े आंदोलन के आगे झुकी हो। इससे पहले मोदी सरकार ने सिर्फ एक बड़े मामले में अपना फैसला वापस लिया था, जब करीब एक साल तक चले किसान आंदोलन के बाद तीनों कृषि कानूनों को रद्द करना पड़ा था।

> बीबीसी ने मीडिया रिपोर्ट में लिखा कि इस बार सरकार को अंदाजा नहीं था कि छात्र आंदोलन इतना बड़ा और लंबा चलेगा। शुरुआत में कई हफ्तों तक आंदोलन को नजरअंदाज किया गया, लेकिन इस सप्ताह संसद की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की सख्ती के बाद देशभर में तीखी प्रतिक्रिया हुई और सरकार पर दबाव काफी बढ़ गया

### ये भी बोला वर्ल्ड मीडिया

- भारत में चल रहा छात्र आंदोलन सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बना
- आंदोलन के जरिए युवाओं ने बेरोजगारी और सरकार की जवाबदेही पर दिखाया गुस्सा

### सीजेपी के रूप में युवाओं का नया नेतृत्व उभरा: द गार्डियन



वहीं द गार्डियन ने लिखा कि भाजपा के 12 साल के शासन में यह पहली बार है, जब पीएम मोदी के सबसे करीबी और भरोसेमंद मंत्रियों में से एक को सार्वजनिक दबाव के कारण इस्तीफा देना पड़ा है। इनका नेतृत्व नए बने युवा राजनीतिक सीजेपी ने किया। इस सप्ताह यह आंदोलन देशभर में युवाओं के बड़े विरोध प्रदर्शन में बदल गया। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर मिलते ही दिल्ली में जुटे हजारों सीजेपी समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदर्शनकारियों ने जश्न मनाया और इसे सरकार से जवाबदेही की अपनी मांग की बड़ी जीत बताया।

### परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग ने छीनी कुर्सी

सीएनएन ने बताया कि भारत में लगातार बढ़ते छात्र आंदोलन के दबाव में धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया।



पिछले कई दिनों से हजारों छात्र उनके इस्तीफे और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। जो आंदोलन शुरुआत में एक मीम के रूप में शुरू हुआ था, वह धीरे-धीरे देशभर में फैल गया।

### 'कॉकरोच' की जीत, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा: द डॉन

पाकिस्तान के प्रमुख अखबार द डॉन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की।




### भारत में छात्र आंदोलन की बड़ी जीत: अल जजीरा

अज जजीरा ने लिखा कि छात्रों के आंदोलन के दबाव में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया। हाल के वर्षों में यह मोदी सरकार के खिलाफ सबसे बड़े छात्र आंदोलनों में से एक रहा। इस आंदोलन के जरिए युवाओं ने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और सरकार की जवाबदेही जैसे मुद्दों पर अपना गुस्सा जाहिर किया।

### आंदोलन सरकार के लिए बड़ी चुनौती: न्यूयॉर्क टाइम्स

न्यूयॉर्क टाईम्स ने लिखा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया। भारत में चल रहा छात्र आंदोलन सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन गया था।



इस आंदोलन की अगुआई खुद को 'कॉकरोच' कहने वाले छात्र समूह कर रहे थे। यह नाम भारत के चीफ जस्टिस की कथित अपमानजनक टिप्पणी से प्रेरित था। यह संगठन शुरुआत से ही धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा मांग रहा था।

## यूएस सांसदों ने जताया जासूसी का खतरा

# एआई-रोबोटिक्स में चीन की बढ़त रोकने बिल पर सुनवाई

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के एक समूह ने इस सप्ताह एक ऐसे विधेयक को आगे बढ़ाया, जिसका उद्देश्य चीन में निर्मित मानव जैसे और चार पैरों वाले रोबोट को अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का हिस्सा बनने से रोकना है।



सीनेटरों ने चेतावनी दी कि बीजिंग उसी रणनीति का इस्तेमाल कर रहा है, जिसका सहारा लेकर उसने वैश्विक ड्रोन बाजार में अपना दबदबा बनाया था। उनका कहना है कि इंटरनेट से जुड़े ऐसे चीनी रोबोट का इस्तेमाल भविष्य में जासूसी और महत्वपूर्ण प्रणालियों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सकता है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की एनर्जी एंड कॉमर्स कमेटी की कम्युनिकेशंस एंड टेक्नोलॉजी सब कमेटी में 'गार्ड एक्ट' नाम के इस प्रस्तावित विधेयक पर सुनवाई हुई। इस दौरान संचार सुरक्षा, एआई, ब्रॉडबैंड विस्तार और अवैध रोबोकॉल से जुड़े कई विधेयकों पर भी चर्चा की।

## फ्रांस और स्पेन में बेकाबू हुई जंगल की आग

# ढाई लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

एजेंसी ▶▶ पेरिस

दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस और मध्य स्पेन में जंगल की भीषण आग के कारण लगभग 2,57,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाना पड़ा। फ्रांस के गृह मंत्रालय के अनुसार,गिरोंडे और लैंडेस इलाके में लगी आग की वजह से 1,97,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाना पड़ा है। स्पेन के गृह मंत्रालय के मुताबिक, मध्य स्पेन में 60,000 लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। जंगल में लगी की वजह से फ्रांस में अब तक लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। बड़ी संख्या में लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा है। सेना और कई एजेंसिया आग पर काबू पाने और लोगों को राहत पहुंचाने में जुटी हैं।



### बोर्डो शहर पहुंची आग

मंत्री नुनेज ने बताया कि आग के बोर्डो के और करीब पहुंचने का खतरा पैदा हो रहा है। इसलिए फायर ब्रिगेड की टीमें खाइयां खोद रहे है और आग बुझाने वाले केमिकल का इस्तेमाल कर रहे हैं। आग को रोकने के लिए दूसरे उपाय भी कर रहे हैं। सरकार ने आग से निपटने के लिए सैनिकों को तैनात किया और दम घोंटने वाले धुएं से बचाव के लिए 15 लाख फेस मास्क भेजे हैं। पीएम सेबेस्टियन लेकोर्नू ने इन आग की घटनाओं को अभूतपूर्व बताया है। उन्होंने कहा कि गिरोंडे की आग इतनी तेज हो गई थी कि वह अपनी खुद की हवाएं पैदा कर रही थी।

**बुखारेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज से मिली उपाधि**

## शिक्षा, जनसेवा व अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में योगदान को सराहा

# रोमानिया में राष्ट्रपति मुर्मू को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया

- दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को रोमानिया की बुखारेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज से मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद कहा कि शिक्षा उनके जीवन में परिवर्तन लाने वाली सबसे बड़ी शक्ति रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज में समान अवसर प्रदान करने का सबसे प्रभावी माध्यम है और यह व्यक्ति की पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि उसकी मेहनत और आगे बढ़ने की इच्छा को महत्व देती है।



### शिक्षा ने बदली मेरे जीवन की दिशा

राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका जन्म एक छोटे से गांव में सीमित संसाधनों वाले परिवार में हुआ था। वह अपने गांव से कॉलेज जाने वाली पहली लड़की थीं। उन्होंने कहा कि इस अनुभव ने मुझे किसी भी किताब से अधिक यह सिखाया कि शिक्षा सबसे बड़ा बराबरी का माध्यम है। यह नहीं पूछती कि आपका जन्म कहां हुआ है, बल्कि यह देखती है कि आप कितनी दूर तक जाने की कोशिश करते हैं।

**शिक्षा से पूरा समाज प्रभावित**

राष्ट्रपति ने अपने शिक्षक के रूप में बिताए समय को याद करते हुए कहा कि एक साधारण-सी कक्षा भी किसी परिवार और पूरे समुदाय का भविष्य बदलने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का प्रभाव केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका सकारात्मक असर पूरे समाज पर पड़ता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28